श्री श्रीष चन्द्र दीक्षित
मुख्य परामर्षदाता
पूर्व सांसद व पूर्व पुलिस महानिदेषक
श्री भारतेन्दु प्रकाष सिंघल
राष्ट्रीय प्रधान
पूर्व सांसद (राज्य सभा) व पूर्व पुलिस महानिदेषक
मे . ज . (से दृ नि .) विष्वास स . जोगलेकर
राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान
संपादक
प्रो0 सतीष चन्द्र
संपादक मंडल
डॉ महेष चन्द्र
देवेन्द्र मित्तल, रामाश्रय उपाध्याय
प्रो0 श्री धर पन्त, डॉ0 रामषरण गौड़
प्रकाषक व मुद्रक
देवेन्द्र मित्तल (उपप्रधान)
प्रकाषन स्थान
3308, सेक्टर–डी–3 वसंत कुंज,
नई दिल्ली – 110070
ꣳ
SUBSCRIPTION RATE
Inland : Life Rs. 800/-
Annual 100/-
Overseas : Life US$ 100
Annual US$ 10
Per copy : £1 $1.50, IRs 15
ADVERTISEMENT TARIFF
Outer Cover : Rs. 15000/-
Inner Cover : Rs. 12,000/-
Full Page : Rs. 10,000/-
Half Page : Rs. 5,000/-
Payable by MO/Bank Draft/Crossed Cheque in the name of
Sanskritik Gaurav Sansthan
869- Sector-A, Pocket-C, Vasant Kunj,
New Delhi-110070
मुद्रण स्थान
ऋषि ऐन्टर प्राइजेजꣳ
ꣳ
ꣳ
ꣳ
ꣳ
ꣳ
ꣳ

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

द्विमासिक
BI-MONTHLY

वर्ष 10–11 अंक 6–1 विषय सूची सितम्बर से नवम्बर संयुक्तांक 2009

संपादकीय – आवरण ध्

हिन्दुत्व की आधारशिला क्या हैध् *ध्शैलेश मटियानी* 4

सवाल उठाते तथ्य 9

बहुराष्ट्रीय कंपनियां – विश्व व्यापार संगठन, एक पहेली – *दीपक शर्मा 'प्रदीप'* 10

विश्व व्यापार संगठन के भारत पर दुष्प्रभाव 10

हिन्दी ही कर सकती है विश्व में भारत का प्रतिनिधित्व – *राजीव मिश्र* 12

पक्षपातपूर्ण पंथनिरपेक्षता *–बलबीर पुंज* 13

सांस्कृतिक गौरव संस्थान का जुलाई में मेरठ में आयोजित कार्यकर्ता शिविर 14

डोगरा शासनकालीन आयुर्वेदिक साहित्य – *रणवीर प्रकाश* 19

भारत के प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह जी के नाम खुला पत्र 20

पावन भारतीय संस्कृति – दिशा और दशा *–श्रीरामदासानुदास शरद् चन्द्र* 21

लोकमान्य ! हम शर्मिन्दा हैं ... स्वराज को हम भूल गए *–राकेश उपाध्याय* 24

पाठक विचार सरणि 26

पुस्तक समीक्षा 26

Islamic Vs. British Rule in India ***-Dr. Shridhar Pant*** 28

Assault on Hinduism by Rashtriya Sanskrit Sansthan 30

Crusade for Survival 31

Mount Kailash : A cultural Bharat 33

Editors response 34

**Diary of Events, Select Articles,
Book Reviews and Letters** 35

O W N E R : S A N S K R I T I K G A U R A V S A N S T H A N

Phone : 26195368, 26181315 E-mail <sgsdelhi05@gmail.com>

संस्थान की नई वेबसाइट देखें :– www.hindusthangaurav.com

गरीब देश और महँगे खेल

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

भारत अगले साल दिल्ली में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स को अब तक का सबसे भव्य आयोजन बनाने के लिए दो अरब डॉलर (94 अरब रुपये) खर्च करेगा। भारतीय खेल मंत्रालय के सचिव सिंधुश्री खुल्लर ने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स का यह बजट पूर्व निर्धारित बजट से काफी अधिक है।

(राष्ट्रीय सहारा, दिनांक 30 नवम्बर 2009)

94 अरब रुपये की विशाल धनराशि हिन्दुस्थान जैसे लगभग 50 करोड़ गरीब लोगों वाले देश के लिए क्या छोटी-मोटी धनराशि कही जा सकती है? क्या हिन्दुस्थान को इतनी बड़ी धनराशि इन खेलों के आयोजन पर खर्च करनी चाहिए जबकि अधिकांश देशवासियों को यह पता है और वे इस पीड़ा को हृदय में दबाए हुए हैं कि हिन्दुस्थान के खिलाड़ी बमुश्किल दो-चार स्वर्णपदक ला सकेंगे और देशवासियों को कुछ रजत और कुछ कांस्य पदकों से संताष करना होगा।

किन्तु इस बारे में कुछ प्रतिष्ठित और जाने-माने खिलाड़ियों के विचार भी नीचे दिए गए हैं जो सच्चाई को उघाड़ने में बेबाक हैं :-

क. "तैयारी के नाम पर बहुत कुछ ऐसा भी हो रहा है, जिसकी ज़रूरत नहीं है। मसलन खेल गांव को फाइव स्टार लुक देने का कोई मतलब नहीं।"

ख. कॉमनवेल्थ खेलों के दौरान उन्हें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैण्ड के स्कूल-कॉलेजों में ठहराया गया। सुविधा के नाम पर कमरे और बिस्तर उपलब्ध थे।

ग. यह खेल देश को कर्जे में डुबोने के लिए किए जा रहे हैं, कुछ लोगों के स्वार्थ खेलों से जुड़े हैं, खाने-कमाने के लिए सारा तामझाम जोड़ा गया है, खेल को चलाने वाले भ्रष्ट लोग हावी हैं, तमाम खिलाड़ियों का खर्च देशवासियों की जेबों से निकाला जाएगा।

(तीन कॉमनवेल्थ खेलों में जाने-माने थ्रोअर प्रवीण कुमार जो महाभारत धारावाहिक में भीम की भूमिका में थे)

पंजाब केसरी 22.11.2009 से साभार

विचित्र बात यह है कि उक्त खेलों के उद्घाटन और समापन पर बहुत थोड़ी-सी राशि यानि मात्र 84 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

(दैनिक जागरण, दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 2009)

टिप्पणी : यदि निम्न आय वर्ग का लगभग 250 वर्ग फुट कुर्सी क्षेत्रफल का एक मकान किसी गरीब के लिए बनाया जाए तो उस पर लगभग 1,25,000 से 1,50,000 रुपये खर्च होंगे। उद्घाटन और समापन पर 84 करोड़ रुपये खर्च करने के स्थान पर यदि इसमें से 75 करोड़ रुपये बचाकर ये मकान बनाए जाएं तो 4950 मकान बन सकेंगे। किन्तु क्या इस प्रकार का कहीं कोई सोच है?

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

कॉमनवैल्थ खेल आयोजित कर हम सुपर पावर नहीं बनने वाले। हां कुछ अवसरवादियों के वारे-न्यारे जरूर हो जाएंगे। हो सकता है कि देश में कुछ और करोड़पति बन जाएं।

वर्तमान केन्द्रीय सरकार श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार की ही उत्तराधिकारी है जिन्होंने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। किन्तु आज ऐसा लगता है कि आज गरीबी हटाने के बजाए उसी कांग्रेस की सरकार 'गरीब हटाने' का अभियान चला रही है, जैसा कि खाद्य वस्तुओं के भावों से स्पष्ट है।

देश को जब अर्थशास्त्री के रूप में प्रधानमंत्री मिले थे तो आम आदमी को लगा था कि शायद सरदार जी के पास हमारी व्यथा को समझने की सिक्सथ सेंस होगी परन्तु आम आदमी की थाली से कम होता पोषण गरीबों को अपने वोट की ताकत को समय से पहले दुबारा अजमाने पर मजबूर करेगा। कांग्रेसी अब भी अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी की योजनाओं को सराहते नहीं थकते। अरे भाई! थोड़ा-सा तो संतोष रखिए । हमारे प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री रहे हैं। मनुष्य हर चीज़ के बिना कुछ दिन तो जी ही सकता है मगर नहीं जी सकता तो हवा के बिना, वह तो हमारे अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री जी की बदौलत हमें मुफ्त ही मिल रही है।

संपादक मंडल

हिन्दुत्व की आधारशिला क्या है ?

-शैलेश मटियानी

प्रख्यात कथाकार स्व. शैलेश मटियानी ने यह लेख जून 1994 में लिखा था। पन्द्रह वर्ष पूर्व प्रकट किए गए ये विचार आज की परिस्थिति में और अधिक प्रासंगिक हैं। आलेख की एक-एक पंक्ति मनन करने योग्य है-सं.

हिन्दुत्व की परिभाषा के सवाल में कहीं कोई ऐसा पेंच नहीं, जिसे रहस्य की श्रेणी में रखा जा सके। जिसकी उलझनें सुलझाना या गाँठें खोलना कठिन हो। हिन्दुत्व एक नितान्त पारदर्शी प्रत्यय है और इसका एकमात्र तथा सीधा सम्बन्ध भारतवर्ष नाम के देश की 'प्रजातिकता' से है।

और स्पष्ट कहा जाए तो 'हिन्दुत्व' का सीधा आशय 'स्वाधीन भारतवर्ष के निवासियों' से है। पहले मुसलमानों और फिर अंग्रेज़ों की गुलामी की लगभग 10-11 शताब्दियों को केन्द्र में रखा या एक किनारे कर दिया जाए, तो यह स्थिति और वास्तविकता भलीभाँति स्पष्ट हो जाएगी कि 'हिन्दू' सम्बोधन भारतवर्ष के उन मूल निवासियों के लिए प्रयुक्त होता रहा, जो मुसलमानों और अंग्रेज़ों की गुलामी से पूर्व स्वाधीन भारतवर्ष के निवासी थे।

दरअसल, हिन्दू या हिन्दुत्व के लिए सबसे गहरा और संघातक संकट मुसलमानों या अंग्रेज़ों से नहीं, बल्कि कांग्रेस के द्वारा उत्पन्न किया गया और आज भी कांग्रेस का यह हिन्दुत्व तथा हिन्दू-विरोधी अभियान ज्यों-का-त्यों ही नहीं, बल्कि और तीव्र रूप से बरकरार है। हिन्दू या हिन्दुत्व को सांप्रदायिकता का पर्याय या सूचक बनाने का काम मुस्लिम शासकों या अंग्रेज़ों के द्वारा नहीं, बल्कि कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टियों के द्वारा किया गया और जब तक इस वास्तविकता को सामने नहीं रखा जाए तब तक हिन्दू और हिन्दुत्व ही नहीं, बल्कि भारतवर्ष और भारतीयता की पहचान भी घपले में ही रहेगी, **क्योंकि जैसा प्रारंभ में ही कहा-हिन्दुत्व स्वाधीन भारतवर्ष के निवासियों का प्रजातिक सम्बोधन रहा है और रहेगा।**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

अर्द्ध-इस्लामी संविधान

पाकिस्तान बनवाकर, भारत के मुसलमानों ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि भारतवर्ष नाम के किसी देश या देश का नाम भारतवर्ष होने से उनका कोई अस्तित्व या स्मृति का सम्बन्ध नहीं हो सकता। यह एक कटु सत्य है कि अगर कल 'शेष भारतवर्ष' का भी इस्लामीकरण संभावित दिखाई पड़े, तो इससे या इसमें भारतवर्ष के मुसलमानों को कोई वास्तविक आपत्ति नहीं होगी। इसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इस्लाम का मूल तर्क ही 'मज़हब के हिसाब से मुल्क' के सिद्धान्त पर आधारित है और इसलिए मुगल शासकों के शताब्दियों के राज्य के बाद भी भारतवर्ष 'इस्लामी मुल्क' नहीं बना।

शरीयत से शासन, यह इस्लामी मुल्क की बुनियादी शर्त है और चूंकि मुगल शासन के दौर में भी भारतवर्ष में 'शरीयत' से राज्य-व्यवस्था का परिचालन नहीं हुआ, इसलिए भारतवर्ष का नाम भारतवर्ष या हिन्दुस्थान ही बना रहा और इसकी स्थिति तथा हैसियत मुस्लिम शासकों के द्वारा शासित गुलाम हिन्दू देश की बनी रही।

पाकिस्तान में अकबर यहां तक कि हुमायूँ और जहाँगीर-शाहजहाँ, को भी इस्लाम का इतिहास-पुरुष इसीलिए नहीं माना गया, क्योंकि पाकिस्तान के सिद्धांतकारों की यही धारणा रही कि इन्होंने भारतवर्ष को इस्लामी मुल्क बनाने की मुहिम नहीं चलाई। जबकि जिन्ना साहब ने भारतवर्ष के एक चौथाई हिस्से को तो पूरी तरह इस्लामी मुल्क बना लिया, साथ-साथ कांग्रेस को शेष भारतवर्ष के लिए 'अर्द्ध-इस्लामी संविधान' बनाने का अवसर सुलभ करा दिया। **हिन्दुत्व की पहचान या परिभाषा को लेकर सैद्धान्तिक या वैचारिक धुंध की सारी जड़ें कांग्रेस द्वारा अर्द्ध-इस्लामी तथा पूरी तरह से जातिवादी संविधान की व्यवस्था में ही अंतर्निहित हैं। भारतवर्ष के हिन्दुओं का देश होने की वास्तविकता को संवैधानिक रूप से समाप्त कर डालने का कार्य भारतवर्ष के इतिहास में पहली बार उस औपनिवेशिक चरित्र तथा बनावट वाली कांग्रेस के द्वारा किया गया, जो अपनी वास्तविकता को छिपाये रखने के लिए 'राष्ट्रीय कांग्रेस' का मुखौटा अभी भी इस्तेमाल करती रही है।** जो भारतवर्ष के स्वाधीनता-संग्राम को आधे में ही समेट लेने की शर्त पर ब्रिटिश हुकूमत की विरासतदार बनाई गई।

नाभिनाल का सम्बन्ध

भारतवर्ष की जिस भी पीढ़ी के सामने कांग्रेस की यह वास्तविकता उघड़कर आएगी कि भारतवर्ष के एक स्वाधीन तथा हिन्दुओं का देश होने के सवाल को संवैधानिक रूप से सदा-सदा के लिए समाप्त करने का काम कांग्रेस के द्वारा किया गया, सिर्फ वही पीढ़ी हिन्दू, हिन्दुत्व और भारतवर्ष के बीच के अंतरसम्बन्धों को भी जान सकेगी **क्योंकि भारतवर्ष और हिन्दुत्व, ये दोनों परस्पर नाभिनालबद्ध हैं। भारतवर्ष के बिना हिन्दुत्व का कोई अस्तित्व नहीं और भारतवर्ष का अस्तित्व भी तभी तक है, जब तक इसकी हिन्दू बहुलता बनी रह सके।** इस निर्णायक तथा भारतवर्ष के संदर्भ में राष्ट्रीय महत्त्व की वास्तविकता को इस बात से अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकेगा कि भारतवर्ष नाम के देश या कि देश का नाम भारतवर्ष होने से हिन्दुओं का नाता, या वास्ता क्या है?

कल अगर कोई, उदाहरण के लिए मान लीजिए कि भाजपा प्रस्ताव करे कि भारतवर्ष का नाम बदलकर कुछ और रखा जाए, तो इस पर सबसे गहरी और गंभीर आपत्ति करने वाले हिन्दू ही होंगे, क्योंकि भारतवर्ष नाम के साथ ही हिन्दुओं की स्मृति और भारतीय संस्कृति के सारे तार गुँथे हुए हैं। इण्डिया और हिन्दुस्तान नाम भारतवर्ष की छाया में ही चलाए जा सकते हैं – 'भारतवर्ष' नाम हटाकर नहीं। भारतवर्ष और हिन्दुत्व के बीच के इस नाभिनाल सम्बन्ध को समझे बिना हिन्दुत्व की पहचान का सवाल पेचीदा बना रहेगा। जबकि, जैसा पहले ही कहा गया कि **हिन्दुत्व स्वाधीन भारत के निवासियों का परिचायक प्रत्यय है।**

अगर कांग्रेस ने गांधीजी के तिरोधान का कूटनीतिक लाभ उठाते हुए 'भारतीय संविधान' को अर्द्ध-इस्लामी नहीं बनाया होता, तो पाकिस्तान के बाद भारत में बाकी रहे मुसलमानों को यह निर्णय लेना ही पड़ता कि वे अपने नाभिनाल सम्बन्ध को इस्लामी मुल्कों या इस्लामी निजाम के साथ जोड़े रखने या भारतवर्ष के साथ घुलने में से, एक ही रास्ता चुन सकते हैं। भारतवर्ष को स्वयं का देश मानकर यहाँ रहने वाले मुसलमानों को तब हिन्दू समाज से समरस होने का रास्ता चुनना

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

ही पड़ता, क्योंकि तब 'संविधान' में इस्लामी नागरिकता की पृथक व्यवस्था नहीं होने से, रीति-रिवाज और उपासना-पद्धति की भिन्नता के बावजूद, सभी एक समान (अर्थात् भारतीय) कानूनों के वृत्त में होते।

मुसलमान जवाब दें

'हिन्दुत्व' का भारतवर्ष से क्या नाता या वास्ता है, यह स्वयं हिन्दुओं की समझ में तभी आ सकेगा, जब भारतवर्ष अभी और विभाजित होगा। जातिवाद की राजनीति हिन्दू समाज को और भी क्षत-विक्षत तथा जर्जर कर देगी और खाड़ी तथा अन्य इस्लामी मुल्कों का यह सपना साकार होता सामने दिखाई पड़ेगा कि पास्तिान के बाद बाकी बचे रहे भारतवर्ष को भी अगर इस्लामी परचम के तले ले आया गया, तो फिर खीस्त (ईसाई) गोलार्द्ध का सामना कठिन नहीं होगा। इस प्रश्न का उत्तर भारत के मुसलमानों की ओर से समय रहते जान लिया जाना चाहिए कि अगर कल हिन्दू समाज के और भी विघटित होने पर भारतवर्ष के पूरी तरह इस्लाम मुल्क बनने की स्थितियाँ आकार लेने लगे, तो क्या भारत के मुसलमान इसका प्रतिरोध करेंगे और इसे इस्लामी मुल्क नहीं बनने देंगे ?

सवाल पेचीदा 'हिन्दुत्व की पहचान' या परिभाषा का नहीं बल्कि भारतवर्ष नाम के देश या कि देश का नाम भारतवर्ष होने के साथ भारत के मुसलमानों के अंतरसम्बन्धों का है। **अगर भारत के मुसलमानों का भारतवर्ष के साथ नाभिनाल का सम्बन्ध संभव हो गया, तो भारतवर्ष की सांस्कृतिक विरासत के सवाल भी हल हो चुके होते।** तब 'मुस्लिम वोट बैंक' हथियाने के लिए कांग्रेस को वह 'उपासना विधेयक' पारित नहीं करना पड़ता, जो भारतवर्ष की सांस्कृतिक विरासत के सवालों को सदैव के लिए समाप्त कर देने के षड्यंत्र की उपज है। तब अयोध्या, काशी और मथुरा के मामले भी आपसी सौहार्द से हल हो चुके होते, क्योंकि भारतवर्ष से नालबद्ध होने को भीतर से प्रतिश्रुत मुसलमानों को यह मान लेने में तब कोई कठिनाई नहीं होती कि किसी भी देश की स्वाधीनता के मामले में उसकी सांस्कृतिक विरासत के सवाल पहले होते हैं, कोरी राजनीतिक स्वाधीनता के बाद में। जो जातियाँ देश की सांस्कृति विरासतों से बेसरोकार हों, वे कभी भी स्वाधीन राष्ट्र का सपना नहीं देख सकतीं, इसका सब से दुखद और शर्मनाक उदाहरण स्वयं हिन्दू रह चुके और अपने इस जाड्य तथा आत्महीनता से अभी भी उबर नहीं सके हैं।

भाजपा की चूक है कि यह राष्ट्र और राष्ट्रीयता की राजनीति की हवाई नारेबाजी तो जाने कब से करती चली आ रही है, लेकिन इसने कांग्रेस की इस वास्तविकता को सामने रखने की प्रभावी पहल कभी नहीं की कि कैसे कांग्रेस के मौजूदा चरित्र या ढाँचे के बरकरार रहते भारतवर्ष का एक स्वाधीन राष्ट्र हो सकना सरासर असंभव है।.... भूलना नहीं चाहिए कि यह महात्मा गांधी वाली कांग्रेस कतई नहीं, जो भारतवर्ष के स्वाधीनता संग्राम की अगुवाई कर रही थी। यह ब्रिटिश साम्राज्यवाद के साथ सत्ता-हस्तांतरण का सौदा पटाने वाली कांग्रेस है, जिसके कारण गांधी को पूरी तरह टूट जाना पड़ा। गांधी और पटेल के न रह जाने पर, इस कांग्रेस ने भारतवर्ष की एक स्वाधीन राष्ट्र बनने की संभावनाओं को सिरे से समाप्त कर देने की औपनिवेशिक राजनीति का खुला खेल फर्रुखाबादी शुरू कर दिया और अर्द्ध-इस्लामी तथा जातिवादी संविधान के वे सारे चोर-दरवाजे खोल दिए, जो हिन्दू समाज और हिन्दुत्व की जड़ों को ध्वस्त करने के इरादे से ही 'संविधान' के अंतर्भूत कर रखे गए थे। अभी राजनैतिक दलों को भी पता नहीं कि जातिवाद के घमासान में छिन्न-भिन्न हिन्दू समाज की तब क्या नियति होगी, जब बाहरी हमलों के कारण भारतीय सेनाएँ भीतर की व्यवस्था संभालने की स्थिति में नहीं होंगी। **जो भी हिन्दू समाज को तोड़ने की राजनीति करेंगे, 'मुस्लिम वोट बैंक' उन्हीं राजनीतिक पार्टियों का साथ देगा, यह उत्तर प्रदेश में साबित हो चुका है। स्पष्ट है कि कट्टरपंथी मुस्लिम नेता कांग्रेस पर दबाव बढ़ा रहे हैं कि कांग्रेस अपनी नीतियों को और अधिक हिन्दू तथा हिन्दुत्व विरोधी बनाए।**

जातिवादी संघर्षों से हर हाल में सिर्फ हिन्दू समाज बिखरेगा और विघटित होगा तथा इससे शेष भारतवर्ष के भी इस्लामीकरण का संकट खुलकर सामने आ जाएगा, इस वास्तविकता से अवगत होते ही हिन्दू मानस में जरूर उथल-पुथल होगी। तब हिन्दुत्व को राजनीति के केन्द्रीय तत्त्व या ताबीज़ के रूप में देखना और देशवासियों को यह समझना होग कि कैसे हिन्दुत्व ही भारतवर्ष का एकमात्र रास्ता हो सकता है। **यह समेकित और संकल्पित हिन्दू समाज ही भारतवर्ष को**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

स्वाधीन राष्ट्र का रूप दे सकता है। भारत के मुसलमान भी भारतवर्ष से समरस तभी होंगे, जब देखेंगे कि अब हिन्दू समाज में टूट-फूट संभव नहीं।

'हिन्दुत्व' भारतवर्ष को एक देश के रूप में बचाए रख सकने का एकमात्र रास्ता है। पाकिस्तान और बंगलादेश मुस्लिम राष्ट्र बन चुके हैं। पृथक इस्लामी नागरिकता की संवैधानिक व्यवस्था के चलते कश्मीर घाटी भी जा चुकी और पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र संघ में प्रस्ताव वापस लेने से कश्मीर की भारतवर्ष में वापसी नहीं हुई है।

हिन्दू-दमन एकमात्र लक्ष्य

हिन्दू समाज को इस आत्महीनता से उबारना आज की पहली राष्ट्रीय जरूरत है, कि शताब्दियों की गुलामी के बाद अब स्वयं की या भारतवर्ष की स्वाधीनता के सवालों को उठाना ठीक नहीं है। जाग्रत जातियाँ हज़ारों-हज़ार वर्षों की गुलामी को भी अंतिम प्रमाण कदापि नहीं मानेंगी। **यह सवाल सिवाय चालबाज़ी के और कुछ नहीं कि भारत के मुसलमानों का क्या होगा ?** भारतवर्ष को स्वयं का देश मानने और इससे नाभिनाल का सम्बन्ध रखने वाले मुसलमानों की हैसियत भारतवर्ष में हिन्दुओं से कमतर कतई नहीं होगी। सवाल भारतवर्ष से समरस और प्रतिश्रुत होने का है, मुगल या ब्रिटिश इंडिया से नहीं। **'मुस्लिम इंडिया' के लिए भारतवर्ष में कोई स्थान न हो सकता है और न ही होना चाहिए। भारतवर्ष का सवाल भारतवर्ष की जातीय स्मृति तथा इसकी सांस्कृतिक विरासतों का सवाल भी है, क्योंकि 15 अगस्त 1947 पाकिस्तान और ब्रिटिश तथा मुस्लिम इण्डिया की पैदाइश की तारीख तो हो सकता है, भारतवर्ष की उत्पत्ति की कालरेखा नहीं।**

हमारे ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध स्वाधीनता संग्राम का लक्ष्य 15 अगस्त 1947 के बाद के भारतवर्ष को प्राप्त करना नहीं था। जो आन्दोलन पूरे परिप्रेक्ष्य, राष्ट्रीय स्वाधीनता की एक समग्र अवधारणा सम्मत नहीं हो, उसे राष्ट्रीय आन्दोलन नहीं माना जा सकता। भारत का स्वाधीनता संग्राम मुगल हुकूमत के दौर को भारतवर्ष की राष्ट्रीय स्वाधीनता का हिस्सा मानकर नहीं चलाया गया था। इसमें भारतवर्ष में इस्लामी नागरिकता के बंदोबस्त की शर्त कहीं शामिल नहीं थी। यह भारतवर्ष को एक स्वाधीन राष्ट्र बनाने का अभियान था और इसमें सिर्फ भारतीय नागरिकता की बात केन्द्र में रखी गई थी।

भारतवर्ष इस्लामी मुल्क नहीं और किसी गैर-इस्लामी देश में इस्लामी नागरिकता की पृथक व्यवस्था का उदाहरण सिर्फ कांग्रेस के द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसी अर्द्ध-इस्लामिकता का दूसरा नाम धर्मनिरपेक्षता है। अर्थात् हिन्दू, हिन्दुत्व का दमन तथा राष्ट्रनिरपेक्षता ही छद्म- धर्मनिरपेक्षता का एकमात्र लक्ष्य है।

इस्लामीकरण का खतरा

भारत के मुसलमानों को इस्लमी नागरिकता की शर्तें वापस लेनी होंगी, क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो भारतवर्ष के अभी और विभाजनों के खतरे बढ़ते ही जाएंगे। **भारतवर्ष का जो नक्शा कांग्रेस के हाथों में हैं, वह सरासर अर्द्ध-इस्लामी है। इस वास्तविकता को अगर समय रहते नहीं समझा गया तो, भारतवर्ष के बाकी बच रहे भूगोल-खगोल में से फिर इस्लामी मुल्क पैदा होंगे और अंततः सारा भारतवर्ष इस्लामीकरण के कगार पर खड़ा मिलेगा।**

जब अन्य किसी भी देश में (जो इस्लामी मुल्क न होकर स्वाधीन राष्ट्र हो) अलग से इस्लामी नागरिकता की व्यवस्था कहीं नहीं की गई है, तो भारतवर्ष के मुसलमानों के लिए ऐसा अपरिहार्य कैसे और क्यों मान लिया जाए? **अगर**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

इस्लामी कानून मुसलमान हो सकने की बुनियादी शर्त है तो क्या अन्य सारे गैर-इस्लामी देशों में रहने वाले मुसलमान, मुसलमान नहीं रह गए?

हिन्दुत्व की पहचान और परिभाषा की कुंजी यहाँ है। यहाँ, अर्थात भारतवर्ष के एक स्वाधीन राष्ट्र होने की प्रतिभूति और ऐसी चिन्ता, चेतना तथा दावेदारी में जो भारत की एक स्वाधीन राष्ट्र की हैसियत स्वीकार करें, उनको भारत-विरोधी नहीं माना जा सकता। जो भारतवर्ष की राष्ट्रीय स्वाधीनता के विरुद्ध हों और इस सवाल को पूरे राष्ट्रीय तथा ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में उठाए जाने के रास्ते बंद कर देना चाहते हों, वे फिर चाहे जाति से हिन्दू ही क्यों न हों, उन्हें राष्ट्र विरोधी करार देना ज़रूरी होगा, क्योंकि ऐसा किए बिना भारतवर्ष को एक स्वाधीन राष्ट्र का रूप दिया ही नहीं जा सकता।

सांस्कृतिक विरासत

हिन्दुत्व की आधारशिला स्वाधीन भारतवर्ष की मूल नागरिकता है। हिन्दू भारतवर्ष के प्रजातिक तत्त्व हैं। हिन्दू की पहचान धर्ममूलक न होकर, प्रजातिक है। यह हिन्दू प्रजाति भारतवर्ष को स्वयं का देश और राष्ट्र मानने के प्रत्यय और संकल्प से ही हिन्दुत्व का दावा कर सकती हैं। हिन्दुत्व भारतवर्ष को एक स्वाधीन तथा सांस्कृतिक-आध्यात्मिक राष्ट्र मानने की प्रतिश्रुति का परिचायक हैं और जो हिन्दू इससे इनकार करते हों, उनको हिन्दुत्व का दावेदार सिर्फ मानसिक-वैचारिक गुलामों की श्रेणी में ही माना जा सकता है।

कांग्रेस धोखे में है कि अगर उसने मान लिया हो कि छद्म धर्मनिरपेक्षतावाद के द्वारा भारतवर्ष की राष्ट्रीय स्वाधीनता के सवालों को सदैव के लिए समाप्त कर दिया जा चुका है। आने वाला इतिहास छद्‌म-धर्मनिरपेक्षतावाद के पटाक्षेप का होगा। हिन्दुत्व की राजनीति इसके बिना संभव ही नहीं।

भारत के मुसलमानों को, आज नहीं तो आने वाले इतिहास में, स्वीकार करना ही होगा कि राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासतों के पुनरुद्धार का अर्थ इस्लाम या मुसलमानों का तिरस्कार अथवा बहिष्कार नहीं माना जा सकता। अगर पाकिस्तान और बंगलादेश में मस्जिदों को ढहाकर मंदिर बनाए गए होते, तो ये उन मस्जिदों का पुनरुद्धार करते या नहीं? इस सवाल का जवाब जरूरी है, क्योंकि इसी में मथुरा, काशी और अयोध्या के उत्तर भी मौजूद होंगे।

हिन्दुत्व की आधारशिला, कोरा वेदपाठ नहीं, पृथ्वीसूक्त (भूमि सूक्त) का परिपालन है। पृथ्वी को जगत-माता के रूप में देखने के प्रत्यय में से ही देश को भारतवर्ष के रूप में देखे जाने की प्रतिश्रुति उत्पन्न हुई और यह या ऐसी स्मृति ही हिन्दुत्व की आधारशिला है और आकाश को पिता के रूप में देखने की स्मृति और परंपरा का साक्ष्य। जिन्हें इससे इनकार हो, जो भारतवर्ष की स्मृति और संस्कृति के सवालों को निषिद्ध करार देते हों और मानते हों कि भारतवर्ष की राष्ट्रीय स्वाधीनता के सवालों को सिर्फ ब्रिटिश विरासत के अर्द्ध-इस्लामी दायरे में ही देखा जाए, उनका हिन्दुत्व अभिशाप के सिवाए कुछ नहीं। भारत के मुसलमान की 'वंदेमातरम्' पर आपत्ति को पं. नेहरु की पूर्ण सहमति की जड़ें यहीं हैं।

जैसे कोई व्यक्ति अपनी समस्त आयु तथा उपार्जनों समेत ही पूर्ण हो सकता है, ऐसे ही राष्ट्र भी अपने पूरे इतिहास तथा सांस्कृतिक सामाजिक उपार्जनों के समेत ही संपूर्ण या संप्रभुता संपन्न हो सकते हैं। भारतवर्ष को इसके पूरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिप्रेक्ष्य में देखने की प्रतिश्रुति का ही दूसरा नाम 'हिन्दुत्व' है। इस आधारशिला को गँवाना ठीक नहीं है।

टिप्पणी : इस लेख का गहराई से अध्ययन करके तदनुसार तत्काल कार्य आरंभ करना अत्यंत आवश्यक है।

'पाथेय कण' पाक्षिक (बी-19, न्यू कॉलोनी, जयपुर) 16 मार्च तथा 1 अप्रैल 2009 के अंक से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

सवाल उठाते तथ्य

देश में सादगी और फिजूलखर्ची पर बहस की जरूरत और दिशा को लेकर भ्रम की स्थिति इसलिए भी है, क्योंकि हम इससे जुड़े तथ्यों से आँखें चुराते हैं। दरअसल, भारत में दो देश एक साथ बसते हैं, एक भारत और दूसरा इंडिया। भारत गरीबों, मज़दूरों, किसानों और दलितों की दुनिया है और इंडिया आईटीएज के विकास और संपन्नता का। एक का आजादी के छह दशक बाद भी अंधेरे से पीछा नहीं छूट रहा है और दूसरे में चकाचौंध इतनी ज्यादा है कि हम हतप्रभ रह जाते हैं। एक में करोड़ों लोग बसते हैं जबकि दूसरे में महज कुछ हजार या लाख। ऐसे में इन दोनों स्थितियों के बीच संतुलन की कोई रेखा खींच पाना खासा चुनौतीपूर्ण है। सादगी का मसला प्रदर्शन से ज्यादा आचरण से जुड़ा हुआ है और यह कुछ लोगों के बजाय जब तक सब लोगों से नहीं जुड़ेगा, इसका प्रभाव निर्णायक नहीं होगा। सादगी फिजूलखर्ची के खिलाफ तो है ही, यह उस संवदेनशीलता से भी जुड़ा है, जो अपने आसपास की विपन्न और अविकसित हालात से हमें जवाबदेह तरीके से जोड़ता है। जाहिर है कि जब तक इस तरह की संवदेशील जवाबदेही की स्थितियां ऊपर से नीचे तक नहीं बनेंगी, हम पूरे देश में विकास और खुशहाली की भेदभाव-रहित एक जैसी स्थिति बहाल नहीं कर सकते हैं :-

1. भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय 38,084 रुपये है।
2. 70 करोड़ आबादी को रोजाना औसत 20 रुपये में अपना जीवन बसर करना पड़ता है।
3. 39 करोड़ लोग अब भी गरीबी रेखा के नीचे हैं।
4. 60 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पाता।
5. 35 करोड़ की आबादी प्राथमिक शिक्षा से वंचित है।
6. 62 करोड़ लोगों के पास अपना घर नहीं है।
7. 20 करोड़ लोग शहरों में फुटपाथ पर सोते हैं।
8. 15 करोड़ लोगों की जिन्दगी मुआवज़ों पर टिकी है।
9. **राजनीति से जुड़े नेताओं की औसत आय नौ लाख रुपये सालाना है।**
10. 30 करोड़ लोगों की आय 1.75 लाख रुपये सालाना है।
11. देश में अरबपतियों की गिनती 24 है।
12. 15 करोड़ लोग करोड़पति हैं।
13. आठ करोड़ लोग हर महीने स्वास्थ्य सेवा पर औसतन 12 लाख रुपये खर्च करते हैं।
14. 15 करोड़ लोग सिर्फ बोतलबंद पानी पर 50 करोड़ रुपये खर्च करते हैं।
15. 12 करोड़ लोग शिक्षा पर सालाना औसतन 12 लाख रुपये खर्च करते हैं।
16. 7 करोड़ लोगों के पास एक से ज्यादा घर हैं।
17. 1.25 करोड़ लोग होटल में रहना पसंद करते हैं।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

प्रेमप्रकाश
'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली, दि. 22 सितम्बर 2009 से साभार

बहुराष्ट्रीय कम्पनियां - विश्व व्यापार संगठन, एक पहेली

-दीपक शर्मा 'प्रदीप'

आपको विदित ही है कि 30 नवम्बर, 1-2 दिसम्बर 2009 को विश्व व्यापार संगठन की मंत्री स्तरीय वार्ता जिनेवा में होने जा रही है। इस बैठक के संबंध में वाणिज्य मंत्री, श्री आनंद शर्मा हाल ही में अमेरिका गए थे। वहाँ से उनका यह बयान आया कि "भारत दोहा दौर की वार्ता चक्र को सफल बनाने के लिए अड़िग है।" इसी संबंध में विश्व व्यापार संगठन के डायरेक्टर जनरल श्री पास्कल लेमी एवं विकसित देशों के वाणिज्य मंत्री दिनांक 3-4 सितम्बर 2009 को वार्ता के लिए नई दिल्ली आए।

दोहा चक्र की वार्ता 2001 में जब हुई थी तब राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के नेतृत्व में देश भर में छेड़े गए जन आन्दोलन के फलस्वरूप पहली बार विश्व व्यापार संगठन के जिन्न को श्री मुरासोली मारन ने बोतल में बंद किया था। प्रत्येक दो वर्ष में होने वाली इस बैठक के पश्चात् 2003 में श्री अरुण जेटली, 2005, 2007 में श्री कमलनाथ गए थे। किसी ने भी दोहा चक्र की वार्ता को आगे नहीं बढ़ाया। अब श्री आनंद शर्मा को वाणिज्य मंत्री बनाना एवं अचानक इस जिन्न को बोतल से बाहर निकालने का प्रयास किया जाना, सरकार के रवैये पर संदेह उत्पन्न करता है। संभवत: विकसित देश अपनी आर्थिक मंदी को विकसित देशों की कीमत पर दूर करने के प्रयास के रूप में इस वार्ता को 8 वर्ष बाद पुन: सफल बनाना चाहते हैं।

इस वार्ता में सिंगापुर मुद्दों (रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता जिसके कारण अनेक क्षेत्र जैसे बैंकिंग, इंश्योरेंस, टेलीकॉम, रिटेल ट्रेड आदि शत प्रतिशत विदेशी निवेश के लिए खुल जाएंगे), कृषि सब्सिडी, दवाइयों एवं बीजों पर पेटेंट, आयात शुल्क, नामा इत्यादि अनेक मुद्दे अत्यंत गंभीर है। दिनांक 13 अगस्त 2009 को सरकार ने आसियान देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी कर लिया है। **इसके तहत लगभग 4 हजार वस्तुओं को वर्ष 2016 तक आयात शुल्क से पूरी तरह मुक्त मुक्त कर दिया जाएगा। संक्षेप में ऐसा प्रतीत होता है कि यह सरकार अमेरिकी एजेंडे को पूरी तरह लागू करने में लगी हुई है।**

विश्व व्यापार संगठन एक ऐसा संगठन है जो कि देश के करोड़ों वृद्ध, नौजवानों, महिलाओं एवं बच्चों की दुर्दशा के लिए बड़ी हद तक जिम्मेदार है। ऐसे संगठन का मुखिया भारत में आए तो इसके विरोध के स्वर पूरे भारत में अवश्य सुनाई देने चाहिए।

स्वदेशी जागरण मंच

विश्व व्यापार संगठन के भारत पर दुष्प्रभाव

श्री पास्कल लेमी दिनांक 3-4 सितम्बर 2009 को नई दिल्ली में भारत के साथ व्यापारिक वार्ता करने आए। भारत सरकार यदि विश्व व्यापार संगठन के सामने पूरी तरह समर्पण करे तो देश के करोड़ों किसान, व्यापारी एवं उद्योगपति संकट में पड़ जाएंगे।

कृषि की सब्सिडी एवं आयात शुल्क के मुद्दे के कारण देश के करोड़ों किसाने खतरे में पड़ जाएंगे। हमारे यहाँ 64 करोड़ किसान हैं, जिन्हें नगण्य सब्सिडी दी जाती है। तो ऐसे में कृषि वस्तुओं का मुक्त आयात के सामने हमारे किसान कैसे खड़े हो पाएंगे। देश में 2 लाख किसान अब तक आत्महत्या कर चुके हैं।

WTO के दबाव में भारत को 1970 का अपना पेटेंट कानून बदलना पड़ा। पहले किसी दवाई को बनाने का 'फार्मूला' पेटेंट किया जाता था। इस कारण एक ही दवाई को अनेक लोग विभिन्न फार्मूलों से बना लेते थे। जिसके

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

परिणामस्वरूप दवाइयां विश्व में सबसे सस्ती भारत में ही थीं। अब Product Patent कानून लागू हो गया है। अर्थात् यदि किसी ने एड्स की दवाई बना ली तो दुनिया में कोई भी दूसरा व्यक्ति इस दवाई को नहीं बना सकता। इस प्रकार एड्स की दवा कंपनी को मनमानी लूट का अधिकार मिल जाएगा।

'बौद्धिक अधिकार संपदा' नामृ का चक्रव्यूह विकसित देशों ने रचा हुआ है। इसके माध्यम से दुनिया का शोषण करने का नया मार्ग खुला है। इसमें कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेड मार्क, इंडस्ट्रीयल डिजाईन, इंटीग्रेटिड सर्किट्स, जियोग्राफीकल इंडिकेशन, अनडिसक्लोज्ड इन्फोरमेशन आदि इन 7 नामों से दुनिया का शोषण किया जा रहा है। इसको अगर समझना हो तो अकेले कॉपीराइटस से अमेरिका दुनिया भर से 1.43 ट्रिलियन (14 खरब 30 अरब) डॉलर कमा लेता है। जबकि उसका जीडीपी 13 ट्रिलियन डॉलर का है। जिन चीज़ों पर अमेरिका कॉपीराइट्स से कमाता है उन अधिकतर चीज़ों को बनाते भी प्रतिभावान भारतीय ही हैं।

अमेरिका के कुल राजस्व संग्रह का 66 प्रतिशत इसी प्रकार से आता है कि जो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के अन्य देशों में जाकर कमाती हैं वह कमाई जब वे अमेरिका ले जाती हैं तो अमेरिका सरकार उस पर 35 प्रतिशत की दर से कॉरपोरेट इन्कम टेक्स लगाती है। जैसे पेप्सी कोक आदि आदि।

शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रवेश का मार्ग खोलने की तैयारी है। इससे विदेशी स्कूल एवं कॉलेज भारत में अपने संस्थानों को खोलेंगे। जिस कारण अरबों रुपये की फीस विदेशों में चली जाएगी। साथ ही साथ उन स्कूल/कॉलेजों के पाठ्यक्रमों पर भारत सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होगा। इस वजह से सांस्कृतिक मूल्यों में तेजी से गिरावट की बड़ी आशंका है।

विदेशी ऑडिट कंपनियों (KPMG, Price Waterhouse Cooper, Earnst & Young, Dociette etc.) के लिए भारत में मुक्त प्रवेश की तैयारी हो रही है। इससे हमारे चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को तो आघात पहुँचेगा ही साथ ही देश के वित्तीय तंत्र में सत्यम् जैसे घोटालों की संख्या भी बढ़ेगी।

अभी प्रधानमंत्री जी-8 सम्मेलन में इटली गए थे। वहाँ वैज्ञानिकों आदि से सलाह किए बिना 2 डिग्री तापमान में कमी लाने के लिए जलवायु समझौते पर उन्होंने भारत की सहमति व्यक्त की। यह समझौता अक्टूबर में होगा। इसके अनुसार प्रत्येक अमेरिकी नागरिक को 20 टन ग्रीन हाउस गैसों का प्रदूषण करने का अधिकार होगा। जबकि प्रत्येक भारतीय नागरिक को 3 टन का अधिकार होगा। भारत द्वारा अपना उत्पाद बढ़ाने के कारण यदि प्रदूषण का स्तर 3 टन प्रति व्यक्ति से बढ़ जाता है तो अमेरिकी सरकार भारत के माल पर दण्डात्मक आयात शुल्क लगा देगी। जिस कारण भारतीय माल महंगा हो जाएगा एवं प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाएगा।

विश्व मुद्रा कोष (IMF) में आर्थिक मंदी को दूर करने के लिए 250 अरब डॉलर का catalyst package के रूप में एक विशेष कोष (Special Drawing Rights) SDR की योजना बन रही है। आईएमएफ (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) पर अमेरिका का पूरा नियंत्रण है। इसमें भारत चीन सहित देशों को धन देने के लिए मजबूर किया जा सकता है। विकसित देशों के कारण यह आर्थिक मंदी आई है। यह सर्वज्ञात है कि इस विषय में हमें सावधान रहना है कि हम इसमें कितनी जिम्मेदारी लें। डॉलर की मजबूती को लेकर शंका बनी हुई है। इस कारण चीन अपने 2000 करोड़ डॉलर के विशाल विदेशी मुद्रा भंडार को किसी अन्य मुद्रा में बदलने के लिए खेल, खेल सकता है।

स्वदेशी जागरण मंच की सरकार से यह मांग है कि विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बनते समय देश को जो लाभ बताए गए थे, उनमें से अभी तक क्या लाभ-हानि हुई, इसका श्वेत पत्र सरकार विश्व व्यापार संगठन की नवम्बर 2009 में होने वाली बैठक में जिनेवा जाने से पहले देश के सामने प्रस्तुत करे।

सौजन्य- राजकुमार भाटिया, स्वदेशी जागरण मंच, आजादपुर मण्डी, दिल्ली

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

हिन्दी ही कर सकती है विश्व में भारत का प्रतिनिधित्व : राजीव मिश्र

भाषा माता के समान होती है। माता के प्रति जो प्रेम होना चाहिए, वह भारतीयों का अपनी भाषा के प्रति नहीं है। इसके उलट विमाता के प्रति भारतीय अपना प्रेम प्रकट करते नहीं अघाते। इतना ही नहीं वरन् इस विमाता प्रेम के चलते अपनी सरल हृदया माता को प्रताड़ित करने से भी नही चूकते। भाषा ही किसी राष्ट्र की वाणी होती है। अपनी वाणी न होने की वजह से भारत आज भी गूंगा है। भारत एक बहुभाषी देश है। परन्तु यहां के अधिकांश लोग हिन्दी बोलते और समझते हैं। इस नाते हिन्दी संपर्क भाषा के रूप में अपना सहज ही स्थान बना सकी है। हिन्दी के इस व्यापीकरण में भारत के स्वतंत्रता-आन्दोलन का विशेष योगदान रहा है। स्वतंत्रता आन्दोलन की भाषा हिन्दी होने के कारण इसका प्रचार-प्रसार हिन्दीतर भाषी क्षेत्रों में भी हुआ। देश की अधिसंख्यक जनता द्वारा हिन्दी के बोले एवं समझे जाने के कारण संविधान में इसे राष्ट्रभाषा अर्थात जनसंपर्क की भाषा एवं राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है। भाषा का रूप परिवर्तनशील है। भिन्न-भिन्न प्रदेशों, समाजों के संपर्क में आने से प्रभावित होकर भाषा का रूप बदलता रहता है। इसे किसी के आश्रय की आवश्यकता नहीं पड़ती। भाषा भाव को व्यक्त करने का प्रमुख साधन है। वैसे तो संगीत, नृत्य, वाद्य एवं मूर्ति आदि कलाओं के माध्यम से भी भाव प्रकट किए जा सकते हैं, किन्तु इन साधनों से विचारों का आदान-प्रदान नहीं हो पाता। विचारों के आदान-प्रदान की शक्ति केवल भाषा में ही है। इसलिए यह प्रवाहमान बनती है।

महात्मा गांधी ने अपने सन् 1917 के बिहार प्रवास में मोतिहारी में सत्याग्रह के प्रसंग में एक पत्र जारी किया था, उन्होंने अन्य बातों के अतिरिक्त यह भी कहा था कि - "जो स्थान इस समय अनुचित ढंग से अंग्रेज़ी भोग रही है वह स्थान हिन्दी को मिलना चाहिए - उसके उचित स्थान मिलने में जितनी देर हो रही है उतना ही देश का नुकसान हो रहा है।" गांधी द्वारा कही उक्त बातें आज के परिप्रेक्ष्य में देखें तो कितनी प्रासंगिक पाते हैं। कोई भी देश मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाए बिना सुशिक्षित नहीं हो सकता। भारत को छोड़ कर संसार का कोई ऐसा अभागा देश नहीं है, जहाँ विदेशी भाषा द्वारा शिक्षा दी जाती है। भारत में सब विषयों की उच्च शिक्षा प्रायः अंग्रेजी में ही दी जाती है, जिससे विद्यार्थियों का आधे से अधिक समय भाषा की 'तोता-रटन्त' में नष्ट हो जाता है। समस्त देश के लिए शिक्षा का माध्यम बनने की पात्रता यदि किसी भाषा में है तो राष्ट्रभाषा हिन्दी में ही है। हिन्दी के साथ ही हमें अपनी अमर भाषा देववाणी संस्कृत को भी भुलाना नहीं चाहिए। उसकी शिक्षा के बिना भारतीयों की गति नहीं। अंग्रेज़ी भाषा को जो स्थान इस समय प्राप्त है, वह संस्कृत को मिलना चाहिए। परतंत्र भारत में राष्ट्रभाषा हिन्दी एक राष्ट्रीय नारा था और तब हिन्दीतर भाषी प्रदेशों में यह सबसे अधिक बुलन्द हुआ। हिन्दी प्रचारकों ने जिस त्याग, तपस्या और तन्मयता से हिन्दीतर प्रदेशों में हिन्दी का प्रचार और प्रसार किया, वह आज तक एक आदर्श मात्र प्रतीत होता है।

राष्ट्रभाषा और मातृभाषा में भेद है। मातृभाषा राष्ट्रभाषा हो सकती है। पर यह जरूरी नहीं कि राष्ट्रभाषा मातृभाषा ही हो। हिन्दी के राष्ट्रभाषा बनने का यह अर्थ नहीं है कि अन्य भाषा-भाषी, अपनी-अपनी मातृभाषाओं को त्याग करके हिन्दी को अपनाएं। राष्ट्रभाषा का अर्थ यह है कि सारे राष्ट्र की एक भाषा हो, जिसके द्वारा भिन्न-भिन्न प्रान्तों के लोग परस्पर संबंध रखें, विचारों का आदान-प्रदान करें तथा सर्व-प्रान्तीय कार्य इसी के द्वारा करें। ऐसा करना आवश्यक इसलिए है क्योंकि संपूर्ण राष्ट्र की एक सामान्य भाषा हुए बिना राष्ट्र फल-फूल नहीं पाता। इसे देश का दुर्भाग्य नहीं तो क्या कहें कि आज भारत के लोगों पर अंग्रेज़ी का भूत सवार हो गया है। एक होड़-सी मची है इस गुलामी की भाषा को गले से लगाने की। स्वाभिमान शून्य हो गए हैं सभी। इतना तो सभी जानते हैं कि जिस व्यक्ति, समाज एवं देश का स्वत्व चला जाए, स्वाभिमान नष्ट हो जाए, उसे पतन के गर्त में गिरने से विधाता भी नहीं बचा सकता।

आज यदि व्यक्ति, समाज एवं देश को पतन के मार्ग से हटा कर विकास के मार्ग पर ले जाना है तो एक ऐसे ओझा की खोज करनी होगी या निर्माण करना होगा जो लोगों के सिर पर सवार अंग्रेजियत का भूत उतार सके। हिन्दी भारतीयों की जीवनधारा है। हिन्दी संस्कृत का मां-बेटी का नाता है और वे परस्पर एक-दूसरे से बंधी हैं। भारत की प्रगति के लिए

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

हिन्दी को धर्म-जीवन संजीवनी एवं प्राणशक्ति के रूप में रक्षित किया जाना आवश्यक है। भारत की राष्ट्रभाषा एवं संपर्क भाषा होने के आलावा हिन्दी के बोलने तथा पढ़ने वाले अनेक देशों में फैले हुए हैं। देश में हिन्दी का प्रश्न बहुत कुछ देशवासियों की देशभक्ति की भावना से जुड़ा है। भारत में हिन्दी का महत्त्वपूर्ण स्थान बनना इसलिए भी आवश्यक प्रतीत होता है क्योंकि विश्व में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली भाषा हिन्दी ही हो सकती है।

नवोत्थान लेख सेवा हिन्दुस्थान समाचार' 2502-ए, नलवा गली, पहाड़गंज,नई दिल्ली-110 055 से साभार

पक्षपातपूर्ण पंथनिरपेक्षता

हज सब्सिडी को शासन स्तर पर मज़हबी भेदभाव का प्रमाण मान रहे हैं : बलबीर पुंज

पिछले दिनों मैंने विदेश मंत्रालय से भारत से हज यात्रा पर जाने वालों से संबंधित कुछ सवाल संसद में पूछे थे-हज सब्सिडी कब से दी जा रही है, पिछले पांच सालों के दौरान हज यात्रियों की संख्या तथा प्रति यात्री दी गई हज सब्सिडी और दूसरे पंथ अनुयायियों को दी जाने वाली ऐसी राज-सहायता। इस संबंध में दी गई जानकारी सेकुलर भारत में चल रहे विकृत पंथनिरपेक्षता को ही रेखांकित करती है।

वर्ष 2005 में हाजियों की संख्या 80786 और तब प्रति व्यक्ति 24844 रुपये हज सब्सिडी दी गई थी अर्थात करीब 200 करोड़ रुपये। मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से यह खुलासा हुआ कि प्रति वर्ष अकेले हज सब्सिडी में करीब सौ करोड़ की वृद्धि की गई है। वर्ष 2008 में हाजियों की संख्या 121695 है और प्रति व्यक्ति 60876 रुपये हज सब्सिडी दी गई। यह राशि करीब साढ़े सात सौ करोड़ रुपये है अर्थात पांच साल में चार गुना वृद्धि हुई है। अन्य मतावलम्बियों के संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में केवल कैलाश-मानसरोवर यात्रा का उल्लेख है। मंत्रालय ने बताया कि कैलाश-मानसरोवर की यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त संचार-तंत्रीय व्यवस्थाओं को करने के लिए सरकार प्रति तीर्थयात्री 3250 रुपये का भुगतान कुमाऊं मंडल विकास निगम को करती है। यह छोटी-सी राशि तीर्थयात्रियों का व्ययभार कम करने के लिए नहीं दी जाती। कानून और व्यवस्था कायम करना सरकार का दायित्व है और कैलाश-मानसरोवर यात्रा मार्ग में यदि संचार व सुरक्षा पर कोई राशि खर्च की जाती है तो उसकी तुलना हज सब्सिडी से कैसे की जा सकती है? यह भी स्वाभाविक प्रश्न है कि **हज सब्सिडी क्या सरकार अपनी जेब से देती है? यह तो जनता से एकत्रित राजस्व से दी जाती है। इसलिए हज सब्सिडी को मैं हिन्दुओं पर जजिया कर के समान ही मानता हूं।**

इस पंथनिरपेक्ष देश के हिन्दू नागरिक विकृत सेकुलरवाद को ढोकर जजिया ही तो अदा कर रहे हैं। सेकुलरिस्टों की घुटना टेक नीति का परिणाम है कि हिन्दुओं की अमरनाथ यात्रा को बाधित करने की कोशिश की जाती है, एक महीने की यात्रा को पन्द्रह दिन में खत्म करने के लिए हिंसक प्रदर्शन किया जाता है और सरकार मूक दर्शक बनी रहती है। यह कैसी पंथनिरपेक्षता है? यह कम लोगों को ज्ञात होगा कि मुसलमानों के लिए पवित्र मक्का और मदीना शहरों में गैर-मुसलमानों का प्रवेश हराम है। क्या काशी और हरिद्वार में गैर-हिन्दुओं का प्रवेश निषिद्ध करने की कल्पना की जा सकती है? इस्लाम हज के लिए कर्ज लेने या परिवारजनों की जरूरतों की अनदेखी कर यात्रा पर जाने के खिलाफ है। हज का फर्ज उसी के लिए है, जो अपने संसाधनों पर यात्रा करने की सामर्थ्य रखता है। **सऊदी अरब का मानना है कि हज सब्सिडी शरीयत के खिलाफ है।** मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए शरीयत ही कानून है, किन्तु हज सब्सिडी के मामले में कभी शरीयत अवरोध नहीं बनती। क्यों ? **वर्तमान बजट में मुसलमानों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के मद में 1740 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है।** द्रमुक के सांसद अब्दुल रहमान ने सदन में इसका विरोध करते हुए इस राशि को अत्यंत अल्प बताया। मनमोहन सिंह तो देश के संसाधानों पर मुसलमानों का पहला हक और बजट का 15 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के कल्याण पर खर्च करने का वायदा कर चुके हैं। **सच्चर आयोग की रिपोर्ट के अनुसार वक्फ बोर्ड के पास करीब 1.25 लाख**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसके निवेश से मुसलमानों के उत्थान की कई सेवाएं चलाई जा सकती हैं, किन्तु कभी इस तरह का प्रस्ताव नहीं आता।

इस सेकुलर देश में एक ओर हिन्दुओं के मंदिरों की आय पर तो सरकार डाका डालती है और दूसरी ओर मुसलमानों की वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए राजकोष से सैंकड़ों करोड़ रुपये का अनुदान देती है। क्यों ? भारतीय संविधान के अनुच्छेद 27 में यह उल्लिखित है कि किसी एक विशेष मज़हब या मत को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी नागरिक को कर देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। राज्य विभिन्न सरकारी करों से एकत्रित सार्वजनिक राशि का उपयोग किसी विशेष मजहब को पोषित करने में नहीं करेगा।

एक सच्चा पंथनिरपेक्ष देश किसी एक मज़हब को न तो पोषित कर सकता है और न ही किसी खास मत का दमन कर सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि हिन्दू समाज के उपेक्षित वर्ग की तरह ही मुस्लिम समाज का एक बड़ा हिस्सा अशिक्षा, कठमुल्लापन और पिछड़ेपन का शिकार है। मुस्लिम समाज के जिस हिस्से तक शिक्षा पहुँची भी है वहाँ भी अंधविश्वास और कट्टरता को कम करने में सफलता नहीं मिल पाई है। प्रधानमंत्री देश के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला हक मानते हैं। बजट में मुस्लिमों के उत्थान के लिए भारी-भरकम धनराशि की व्यवस्था भी की गई है। हज सब्सिडी के रूप में सैंकड़ों करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। इन सबका दुरुपयोग यदि मुस्लिम समाज से कठमुल्लापन दूर करने में किया जाए तो मुस्लिम समाज और देश, दोनों का ही कल्याण होगा।

(लेखक भाजपा के राज्यसभा के सांसद हैं।)

'दैनिक जागरण' दिल्ली, दि.4 अगस्त 2009 से साभार

सांस्कृतिक गौरव संस्थान का जुलाई में मेरठ में आयोजित कार्यकर्ता शिविर

से साभारसंस्थान के उत्तर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का दो दिन का शिविर मेरठ में शिवमंदिर, साकेत (मेरठ) में दैनिक जागरण कार्यालय के पीछे शनिवार और रविवार दिनांक 25-26 जुलाई 2009 को आयोजित हुआ। उक्त शिविर का मुख्य दायित्व संस्थान के पूर्णकालिक कार्यकर्ता यति नरसिंहानन्द सरस्वती जी और श्रीमती चेतना शर्मा (अधिवक्ता) ने संभाला। अन्य अनेक कार्यकर्ताओं ने भी शिविर के सफल आयोजन में योगदान किया।

25 जुलाई 2009

प्रथम सत्र का आरम्भ भगवान् श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्थानीय कार्यकर्ता **श्री लीलासिंह** ने ***''संगठन गढ़े चलो''*** गीत प्रस्तुत किया।

संस्थान के महामंत्री डॉ. महेश चन्द्र ने सांस्कृतिक गौरव संस्थान की विगत साढ़े ग्यारह वर्षों की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान एक पंजीकृत न्यास है जो आयकर अधिनियम की धारा-80 जी के अंतर्गत दान प्राप्त करने के लिए छूट प्राप्त है। साथ-साथ विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफ.सी.आर.ए.) के अंतर्गत भारत सरकार के गृह मंत्रालय में विदेशों से दान प्राप्त करने के लिए भी पंजीकृत है। अनेक नगरों में संस्थान के चैप्टर खुले और उनमें से कुछ निरंतर कार्यक्रमों और गोष्ठियों द्वारा सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। संस्थान का मुख्य कार्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 51क के अंतर्गत भारत के नागरिकों के कर्तव्यों का प्रचार और उनके पालन कराने के लिए अभियान चलाना है। उन्होंने अनुरोध किया कि संस्थान के आजीवन सदस्य बनाए जाएं साथ-साथ प्रकाशनों का अधिकतम प्रचार हो और वे घर-घर तक पहुँचे, इसके लिए जोरदार अभियान भी छेड़ा जाए, इस दृष्टि से उपस्थित कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। यह भी बताया कि प्रकाशन सामान्यत: बिना लाभ बिना हानि के दृष्टिकोण से सुलभ कराए जा रहे हैं।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

आरंभिक सत्र में सब कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय भी दिया। इस सत्र में विभिन्न कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए जो निम्नलिखित हैं: -

श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (अधिवक्ता) का यह विचार था कि गौरव घोष का कलेवर बढ़ाया जाए, उसमें रुचिकर सामग्री का समावेश किया जाए, संपादक मण्डल का विस्तार किया जाए और अधिक से अधिक लेखकों को उनके लेख देकर सम्मिलित किया जाए। उनका यह विचार था कि समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित हितकारी सामग्री दी जाए। **उन्होंने इस वर्ष 10 आजीवन सदस्य बनाने का दायित्व स्वयं लेना स्वीकार किया।**

डॉ. हरपाल सिंह (गाजियाबाद) ने यह महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव दिया कि समाज में जागृति लाने के उद्देश्य से महत्त्वपूर्ण विषयों की पहचान की जाए और उनके कार्यान्वयन के लिए समयबद्ध कार्य किया जाए।

श्री शरद् चन्द्र (एडवोकेट) काशीपुर ने ठाकुरद्वारा और काशीपुर की आर्यायन संस्था का परिचय दिया और बताया कि ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' विषय पर उन्होंने संस्थान के साथ मिलकर ठाकुरद्वारा और काशीपुर में दो भव्य संगोष्ठियां की जिनमें से ठाकुरद्वारा में पूर्व केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री डॉ. सुब्रमणियन् स्वामी और काशीपुर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति (से.नि.) श्री शंभुनाथ श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थे। दोनों गोष्ठियों में संस्थान के महामंत्री डॉ महेश चन्द्र भी सम्मिलित हुए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि काशीपुर में आयोजित समारोह गोष्ठी मात्र न थी बल्कि एक सम्मेलन था जिसमें अनेक नगरों के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए थे। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विषय को विद्यालयों में परिचर्चा का विषय बनाया जाए और वे स्वयं मुरादाबाद और ऊधमसिंह नगर और बिजनौर में ये कार्यक्रम कराएंगे।

श्रीमती चेतना शर्मा (अधिवक्ता) ने 25 आजीवन सदस्य बनाने का आश्वासन दिया और कॉलेजों में ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' विषय पर गोष्ठियां और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं कराने का आश्वासन भी दिया।

श्री लीला सिंह ने स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के पश्चात् देश में हिन्दू की स्थिति का भलीभाँति विवेचन किया और ज़ोर देकर कहा कि देश के हिन्दुओं को संगठित करने के लिए पूरी-पूरी कोशिशा होनी चाहिए। उनका यह कहना था कि ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' अभियान को ज़ोरदार ढंग से सारे देश में बढ़ाया जाना चाहिए।

श्रीमती शकुन्तला कौशिक ने स्वयं सदस्य बनने के साथ 10 आजीवन सदस्य बनाने का आश्वासन दिया और उन्होंने नगर में और आसपास के क्षेत्रों में इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और फैलाए जा रहे आतंक का विस्तृत विवेचन किया, जिसकी वे स्वयं भुक्तभोगी रही थीं। उन्होंने आवाहन किया कि शान्त न बैठें और दृढ़ता का सहारा लें। युवा लड़कियों के चल-टेलीफोनों का दुरुपयोग न हो, इस विषय में सतर्क रहें ताकि हिन्दू लड़कियों को मुसलमान लड़के बहकाकर-फुसलाकर निकाह न कर सकें। **उनका यह आग्रह था कि कश्मीरी पंडितों के कश्मीर वापसी और बंगलादेशियों के बंगलादेश वापस भेजे जाने के लिए भी ज़ोरदार अभियान चलाएं।**

श्री ओम प्रकाश शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि जातिवाद के दुष्परिणाम हमें मतान्तरण के रूप में प्राप्त हो रहे हैं और अपने अपमान के लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। उन्होंने **अपना घर देखो, अपने को सुधारो और तन-मन-धन से समाजसेवा में जुट जाओ, यह गम्भीर आवाहन किया।**

श्री वेद सिंह चौधरी (मेरठ) ने आर्यसमाज के द्वारा हिन्दू समाज की सेवा का और महर्षि दयानन्द के सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने यह इंगित किया कि समाज के प्रत्येक वर्ग में समरसता लाने का कार्य युवकों को करना चाहिए।

श्री भगवान दास मारवाड़ी का यह सुझाव था कि हिन्दुस्थान में इस्लाम के आतंकवादियों ने कुरआन का सहारा लेकर जो अत्याचार किए हुए हैं, उन पर रोक लगाने की कोशिश की जानी चाहिए। इस कार्य के लिए यथावश्यकता न्यायालय में याचिका दायर होनी चाहिए, जिसके लिए वे स्वयं भरपूर आर्थिक सहयोग करेंगे और स्वयं संघर्ष के लिए आगे रहेंगे।

प्रथम सत्र के पश्चात् माननीय श्री अशोक जी सिंहल इस शिविर में पधारे। उनका स्वागत श्रीमती चेतना शर्मा और श्री माया प्रकाश त्यागी ने किया। सांस्कृतिक गौरव संस्थान के राष्ट्रीय प्रधान श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल, कार्यकारी प्रधान श्री देवेन्द्र मित्तल आदि का भी कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

द्वितीय सत्र

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

द्वितीय सत्र में उपस्थित सब कार्यकर्ताओं ने स्वपरिचय कराया। विभिन्न नगरों के कार्यकर्ताओं ने परिचय के दौरान उनके द्वारा किए जा रहे कार्यकलाप का भी संक्षिप्त परिचय दिया। इस सत्र का विषय था-**हिन्दुस्थान के इस्लामीकरण को रोकने के उपाय।**

सत्र के प्रथम वक्ता **श्री माया प्रकाश त्यागी** ने कुरआन, इस्लाम, पैगम्बर के अल्लाह के विषय में कहे गए विचारों की तुलना वेद वाक्यों से की। श्री त्यागी ने वेदों में ईश्वर के निराकार, निर्गुण और सगुण स्वरूपों की विवेचना करते हुए बताया कि संपूर्ण देश में वेदों के प्रचार और उनमें दी गई शिक्षाओं के प्रसार से देश के इस्लामीकरण को रोका जा सकेगा। उनके अनेक उद्धरण देते हुए बताया कि न केवल हिन्दुस्थान में बल्कि विश्व में आतंक का मूल कुछ मज़हबी ग्रंथ हैं। चूंकि जिहाद का फल जन्नत और उसमें सुलभ होने वाली हूरें, शहद की नदियां आदि हैं, इसलिए विश्व में आतंक फल-फूल रहा है। कुरआन में पुरुषों को यह भी बताया गया है कि स्त्रियां तुम्हारी खेती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि समाज को इनके बारे में शिक्षित किया जाए तब ही इस्लामीकरण को रोका जा सकता है।

श्री शिव कुमार शर्मा ने बताया कि सुन्दर मुसलमान लड़के बाइकों पर सवार होकर घूमते हैं और हिन्दू लड़कियों को फँसाने का काम करते हैं। एक लड़की के मुसलमानों के घर जाने से पांच हिन्दू कम होते हैं और दस मुसलमान बढ़ जाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि इस्लामीकरण को रोकने के लिए राज-मिस्त्री, सफेदी करने वाले, दूध बेचने वालों आदि के रूप में मुसलमानों को घरों में प्रवेश न दिया जाए क्योंकि वे लविंग जिहाद मस्जिदों में सीख कर आ रहे हैं और हिन्दू समाज को सन्त्रास दे रहे हैं। वे इकट्ठे होकर थानों में सैंकड़ों की संख्या में आते हैं आक्रामक बन कर अपनी बात मनवाने में सफल होते हैं।

प्रसिद्ध इतिहासकार और अखिल भारत हिन्दू महासभा के उपाध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र त्यागी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ''सही इतिहास पढ़ें'' और यह जानें कि मुसलमानों के साथ हुए अनेक युद्धों में हिन्दुओं ने किस तरह विजय का डंका बजाया और हिन्दुस्थान के अनेक हिस्सों में समय-समय पर सैंकड़ों वर्ष हिन्दू वंशों ने शासन किया। इस विषय में उन्होंने विजयनगर साम्राज्य सहित छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप और महाराजा रणजीत सिंह के उदाहरण दिए। उन्होंने यह भी कहा कि 12 वर्ष में एक बार एक स्थान पर होने वाले कुंभ में कई महीनों के दौरान 6-7 करोड़ हिन्दू एकत्रित होते हैं, जबकि उनकी तुलना में मक्का में हज के दौरान अधिक से अधिक 25 लाख मुसलमान दुनियाभर से इकट्ठे हो पाते हैं। उन्होंने ज़ोर देकर यह कहा कि इस्लामीकरण को रोकने के लिए हिन्दुओं की सामूहिक शक्ति का भी गौरवपूर्वक उल्लेख होना चाहिए।

यति नरसिंहानन्द सरस्वती जी ने इस्लामीकरण के सम्बन्ध में तीन हाल की घटनाओं का विवरण दिया। गाजियाबाद में हिन्दू लड़कियों को बहकाने और फुसलाने की घटनाएं और शास्त्री नगर में लगभग 4 हज़ार वर्ग गज़ भूखण्ड पर कब्रिस्तान के नाम पर अनधिकृत कब्ज़ा और कमेले द्वारा वातावरण को प्रदूषित करने के साथ-साथ भारी संख्या में पशुओं का काटा जाना जैसे उदाहरण इस्लामीकरण के ज्वलंत प्रयास हैं।

श्रीमती चेतना शर्मा ने अपने साथ हुई घटना का वर्णन किया और तालीबानीकरण के द्वारा जाटों के लड़कों के संहार का लोमहर्षक विवरण देते हुए इस्लामीकरण में तेज़ी आने का उल्लेख किया।

संस्थान के राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार मित्तल ने मदरसों के द्वारा इस्लामीकरण के अनेक उदाहरण और उद्धरण दिए। उन्होंने बताया कि जहां 1950 में लगभग 80 मदरसे थे अब 5 लाख मदरसे हो गए हैं जहाँ कोमल मन वाले मुस्लिम बालकों/बालिकाओं को हिन्दुओं से घृणा करना, गाय काटना और काफिरों की हत्या करना जैसे पाठ पढ़ाए जाते हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मदरसों में पढ़ाए जाने वाले पाठों का शुद्धिकरण होना चाहिए जिससे देश के इस्लामीकरण को रोका जा सके।

द्वितीय सत्र की समाप्ति के पश्चात् दोपहर बाद का सत्र 3 बजे आरम्भ हुआ जिसका शुभारंभ गीत के साथ हुआ। पिछले सत्र का विषय आगे भी जारी रहा।

तृतीय सत्र

श्री चित्रमणि जी ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। इस सत्र में भी इस्लामीकरण रोकने के उपायों पर आगे चर्चा हुई।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

श्रीमती शकुन्तला कौशिक ने मेरठ में सन् 1987 में मुसलमानों द्वारा किए गए हिन्दुओं के संहार और भयंकर दंगे का लोमहर्षक विवरण दिया जिसमें पुलिस को स्थानीय हिन्दुओं से मदद की पुकार लगानी पड़ी थी। उन्होंने यह उपाय बताया कि हिन्दुओं को जहाँ भी वे कम संख्या में हैं, घर बेचकर मोहल्ला खाली नहीं करना चाहिए और आस-पास के हिन्दू बहुल मोहल्लों से संपर्क रखते हुए साहस पूर्वक डटे रहना चाहिए।

श्री लीला सिंह वर्मा ने यह ज़ोर देकर कहा कि हम सबको यह चाहिए कि हिन्दू संगठनों के साथ सहयोग करें और अपनी पहचान भी बनाकर रखें।

श्री शैलेन्द्र चौहान ने एक ऐसे शिक्षा संस्थान का उदाहरण दिया जहाँ मुस्लिम महिला शिक्षक लड़कों को माथे पर लगाए गए तिलक पोंछने का आग्रह करती थीं। उन्होंने बताया कि ऐसे अनेक उदाहरण स्थान-स्थान पर ध्यान में आते हैं।

श्री मोहन लाल कपूर ने सुझाव दिए कि हिन्दू संगठन एक मंच पर आएं, बलिदान और त्याग की भावना का विकास करें, कार्यकर्ताओं और उनके परिवार की देखभाल, सुरक्षा और पोषण की व्यवस्था करें। उन्होंने यह नारा दिया कि **हिन्दू बनाओ और हिन्दू बचाओ।**

श्री भगवान् दास मारवाड़ी ने श्री कपूर की तरह ही सुझाव दिया कि अनेक बलिदानी पैदा करने होंगे।

इस सत्र में मुख्य व्याख्यान माननीय श्री अशोक जी सिंहल ने दिया जो इस प्रकार है :-

श्री अशोक जी ने सांस्कृतिक गौरव संस्थान की स्थापना के कारणों पर विस्तृत प्रकाश डाला और बताया कि देश में अनेक बुद्धिजीवी और प्रतिभाशाली लोग सक्रिय सेवा से निवृत्त होने के पश्चात् खाली बैठे होते हैं, किन्तु समुचित मंच न होने के कारण चाहते हुए भी वे देश की सेवा नहीं कर सकते, इसलिए सांस्कृतिक गौरव संस्थान बुद्धिजीवियों के एक देशव्यापी मंच के रूप में स्थापित हुआ और यह संस्थान पिछले लगभग 11 वर्षों से इस कार्य में लगा हुआ है और विभिन्न स्तरों पर कार्य हो रहा है। श्री सिंहल ने देश में गोरक्षा के लिए जो उपाय किए जा रहे हैं उनका विवरण देने के साथ-साथ जो अनेक हिन्दू विगत कई शताब्दियों में मुसलमान बने और कुछ ईसाई बने, उनकी घर वापसी के लिए हो रहे प्रयत्नों का भी उल्लेख किया। समाज में अस्पृश्यता मुसलमानों के आगमन के पश्चात् आरम्भ हुई और अनेक क्षत्रियों को विवश होकर मल उठाने का कार्य करना पड़ा किन्तु वे मुसलमान नहीं बने, तब से अस्पृश्यता फैली और अब अनेक बड़े-बड़े संगठन सामाजिक समरसता लाने के कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने अनेक प्रकार के सेवा कार्यों, वनवासी क्षेत्रों में छात्रावासों, चिकित्सा केन्द्रों द्वारा हो रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। एकता के सूत्रों के बारे में बताते हुए उन्होंने 4 नगरों में होने वाले कुम्भों, शबरीमलय पर होने वाले विशाल आयोजनों, जगन्नाथपुरी की रथ यात्रा का स्मरण कराया। उन्होंने दु:ख व्यक्त किया कि कानून बनाने वाले अंतर्राष्ट्रीय शक्तियों के षड्यंत्रों का शिकार होकर हमारी संस्कृति और सांस्कृतिक एकता को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए **अरुन्धति वसिष्ठ अनुसंधान पीठ के माध्यम से जो अब तक सांस्कृतिक गौरव संस्थान के अंतर्गत थी,** विश्वविद्यालयों में अनुसंधान के कार्यों को नई दिशा देकर देश की जनता और संस्कृति के अनुकूल नीतियां बनाने के कार्य में लगाने का प्रयत्न किया गया है। स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की भविष्यवाणी यह थी कि कम्युनिज़्म जल्दी ही अपने बोझ से समाप्त हो जाएगा और सन् 2012 तक अमेरिका का पूंजीवाद भी गिर जाएगा, ऐसा उल्लेख करते हुए श्री अशोक जी ने **दीनदयाल उपाध्याय जी के द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद के मार्ग का विवरण दिया, जिसके आधार पर देश का भावी निर्माण होना है।**

श्री सिंहल ने यह बताया कि इस्लाम, चर्च और माओवादियों के आक्रमण नए नहीं हैं, ये घृणा पर आधारित हैं, जबकि हमारा कार्य प्रेम पर आधारित है, इसलिए हमें लड़ने के लिए संगठन नहीं बनाना है, किन्तु सबको जोड़ने के लिए यह कार्य करना है।

उनका यह कहना था कि यदि सरकार मुस्लिम और ईसाई तुष्टिकरण बंद कर दे और सेना को यथोचित समर्थन मिले तो आतंकवाद शीघ्र समाप्त हो सकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि असम में 30 आतंकवादी संगठन खड़े हैं, पहले जनजातियों को आपस में लड़वाते हैं, फिर उनके लिए दिखावे के रूप में शिविर लगवाते हैं, इस तरह के काम चर्च द्वारा किए जाते हैं। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि भगवान् की विराट लीला से ये राक्षसी वैश्विक शक्तियां आपस में टकरा कर समाप्त हो जाएंगी परन्तु हमें आत्मरक्षा के उपाय करने हैं।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

सांस्कृतिक गौरव संस्थान का काम रचनात्मक है, यह बीज की रक्षा का कार्य है, ऐसा उनका विचार था। उन्होंने यह भी प्रश्न किया कि मतान्तरित सभी बन्धुओं को क्या हम सब वापस लेने के लिए तैयार हैं, यदि नहीं तो पहले समाज को तैयार करना होगा। पुन: ईश्वर की लीला का स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि अपना कार्य करते रहें और जिस प्रकार गंगा की धारा को अविरल बनाए रखने के ज़ोरदार प्रयत्न हो रहे हैं, ऐसे सभी कार्यों में सहयोग भी करते रहें।

माननीय श्री अशोक जी ने घोषणा की कि **संस्थान के पूर्णकालिक कार्यकर्ता श्री चित्रमणि भविष्य में उत्तराखण्ड के साथ हिमाचल प्रदेश के भी प्रभारी होंगे।**

रविवार दिनांक 26 जुलाई 2009

प्रात: काल 9.00 बजे शास्त्री नगर मेरठ स्थित सनातन धर्म शिव मंदिर में विशेष यज्ञ/हवन का अयोजन हुआ जिसमें अनेक स्थानीय और बाहर के महानुभावों ने आहुतियां दीं। इसके पश्चात् श्री मायाप्रकाश त्यागी, डॉ. महेश चन्द्र, यति नरसिंहानन्द सरस्वती आदि महानुभावों के व्याख्यान हुए।

पुस्तकालय के उद्घाटन के पश्चात् उपस्थित प्रबुद्धजन संगोष्ठी स्थल पर पहुँच गए और 26 जुलाई 2009 के शिविर के अगले सत्र आरम्भ हुआ। सर्वप्रथम *श्रीराम चन्द्र कृपालु भजु मन* स्तुति का सामूहिक गायन हुआ और *संगठन गढ़े चलो* गीत भी श्री चित्रमणि के साथ सबने मिलकर गाया।

सत्र का आरम्भ करते हुए श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (अधिवक्ता) ने चिंतन शिविर के पहले दिन के निष्कर्षों की जानकारी दी, जिसका विवरण पिछले पृष्ठों में दिया गया है।

तत्पश्चात् ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' संगोष्ठियों के आयोजन, उनमें व्याख्यान देने वाले महानुभावों और उनमें प्रतिपादित रामराज्य की अवधारणा के संबंध में संस्थान के महामंत्री डॉ. महेश चन्द्र ने विस्तृत विवरण दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' संबंधी पत्रक वितरित किए गए।

प्रथम स्थानीय वक्ता **श्री संजीव पुण्डीर** ने रामराज्य को आदर्श शासन व्यवस्था बताया और कहा कि रामराज्य का अर्थ दुखरहित समाज और दुखरहित व्यक्ति होने में है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि श्री रामचन्द्र जी ने कहा था कि **जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी** और इसके साथ ही उन्होंने निसिचर हीन करउं मही ...की घोषणा भी की थी जिसका उन्होंने पूरी तरह पालन किया।

श्री पुण्डीर ने विद्यालयों में गोष्ठियां और प्रतियोगिताएं कराने का निश्चय प्रकट किया। उनका आग्रह था कि घर-घर में रामायण के अखण्ड पाठ की व्यवस्था होनी चाहिए।

इस बीच **मेरठ के सांसद श्री राजेन्द्र अग्रवाल भी शिविर में पधारे।** उनका यथोचित स्वागत किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं का उनसे परिचय कराए जाने के पश्चात् **काशीपुर के श्री शरद् चन्द्र** अधिवक्ता ने ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' विषय में उद्गार प्रकट करते हुए उनके द्वारा ठाकुरद्वारा और काशीपुर में गोष्ठी और सम्मेलन कराए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने यह कहा कि विवेकयुक्त सामाजिक व्यवस्था की स्थापना ही रामराज्य है। उन्होंने वर्तमान में जो रामराज्य के शत्रु हैं उनका भी उल्लेख किया और कहा कि <u>अहिंसा का पाठ हिंसकों को पढ़ाया जाना चाहिए।</u>

मेरठ के प्रसिद्ध शिक्षा शास्त्री श्री अशोक शास्त्री ने मतों का ध्रुवीकरण जरूरी बताया क्योंकि हमारे शत्रु परस्पर मिल गए हैं। उनका यह भी विचार था कि समाज में समरसता के साथ न्याय पूर्ण व्यवस्था की स्थापना आवश्यक है अन्यथा रामराज्य का कोई अर्थ नहीं होगा।

श्री चित्रमणि ने घोषणा की कि वे उत्तराखण्ड में प्रत्येक ज़िले में गोष्ठी कराएंगे। चूंकि पहले दिन माननीय श्री अशोक जी ने श्री चित्रमणि जी को उत्तराखण्ड के साथ सांस्कृतिक गौरव संस्थान का हिमाचल प्रदेश का काम भी सौंपने की घोषणा कर दी थी इसलिए श्री चित्रमणि ने हिमाचल प्रदेश में भी कार्यक्रम कराने का संकल्प व्यक्त किया। **उन्होंने यह भी कहा कि वे 20 आजीवन सदस्य बनाएंगे।**

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (सांसद्) ने ''उठो और रामराज्य की स्थापना करो'' विषय की सामयिकता पर प्रकाश डाला और समाज का संगठित होना ज़रूरी बताया। उनका यह पुष्ट विचार था कि समाज में एकता की स्थापना के लिए सबको

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

मिलकर कार्य करना चाहिए ताकि आतंकवादी शक्तियों का सफाया किया जा सके और उनसे लोहा लिया जा सके। उन्होंने देश के शत्रुओं के प्रति सावधान रहने का भी आवाहन किया। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि वे संस्थान के कार्यकलाप में यथावश्यक सहयोग देते रहेंगे।

अलीगढ़ से आए श्री माधव स्वरूप मित्तल ने हिन्दू समाज का अस्तित्व खतरे में होना बताया और संगठित होने के लिए मिलकर चलने की आवश्यकता का प्रतिपादन किया उनका यह विचार था कि हमारे पास लक्ष्य, योजना और नेतृत्व का अभाव है।

प्रसिद्ध लेखक और इतिहासकार **श्री दिनेश चन्द्र त्यागी ने बड़ा महत्वपूर्ण सूत्र दिया जो यह है :-**

A bit reactionary if Hindu becomes
all opponents will become national

अर्थात् यदि हिन्दू थोड़ा-सा प्रतिक्रियावादी हो जाए तो विरोधी राष्ट्रवादी हो जाएंगे। उनका यह विचार था कि संगठनों का संगठन किया जाए क्योंकि हिन्दुओं के लगभग 900 संगठन हैं और इसलिए विश्व हिन्दू महासंघ का गठन हुआ है जो हिन्दुओं में एकता के लिए कार्यरत है। उन्होंने रामराज्य की स्थापना अभियान का स्वागत किया और इस अभियान में अपना भरपूर सहयोग देने की इच्छा भी व्यक्त की।

यति नरसिंहानन्द सरस्वती ने उपस्थित कार्यकर्ताओं सहित श्री राजेन्द्र अग्रवाल (सांसद्), श्री अशोक शास्त्री, श्री दिनेश चन्द्र त्यागी आदि सब महानुभावों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

जन-गण-मन, राष्ट्रगान के साथ डेढ़ दिवसीय शिविर का समापन हुआ।

डोगरा शासनकालीन आयुर्वेदिक साहित्य - रणवीर प्रकाश

-डॉ. नरेश कुमार अरोड़ा तथा डॉ. अनिल कुमार महाजन

रणवीर प्रकाश आयुर्वेदिक साहित्य का अपने आप में एक अनूठा एवं अनुपम चिकित्सा ग्रंथ है। प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों का विविधतापूर्ण संग्रह इस ग्रंथ में कुशलतापूर्वक किया गया है। आज से लगभग एक सौ चालीस वर्ष पूर्व श्रावण मास की सप्तमी तिथि को विक्रमी संवत् 1925 में इस ग्रंथ की रचना जम्मू-कश्मीर राज्य के महाराजा रणवीर सिंह के शासनकाल में हुई। महाराजा जो कि स्वयं संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति के बहुत बड़े विद्वान थे, ने इस ग्रंथ की रचना उस समय के उद्भट विद्वान पंडित जगधर द्वारा करवाई। क्योंकि आयुर्वेद के मूल ग्रंथ शुद्ध संस्कृत भाषा में उपलब्ध थे, इसलिए महाराजा की यह धारणा थी कि आयुर्वेद का ज्ञान सर्वसाधारण की भाषा में अधिक लाभदायक हो सकता है। इस उद्देश्य को सामने रखकर **इस ग्रंथ की रचना साधारण हिन्दी भाषा में छन्दबद्ध तरीके से करवाई। इस ग्रंथ को सर्वसाधारण में प्रचलित करने के लिए रामायण की तरह के दोहों और चौपाइयों के रूप का प्रयोग किया गया।**

प्रथम संस्करण निकलने के लगभग 50 वर्ष पश्चात् विक्रमी सम्वत् 1974 में इस ग्रंथ का द्वितीय संस्करण महाराजा प्रताप सिंह के शासनकाल में प्रकाशित हुआ। इस द्वितीय संस्करण का सम्पादन विद्वान् कश्मीरी पण्डित अमरनाथ जाडू द्वारा किया गया। यह ग्रंथ दो भागों में उपलब्ध है। पहले भाग में 424 पृष्ठ हैं और दूसरे भाग में 346 पृष्ठ हैं। यह ग्रंथ विभिन्न आयुर्वेदिक ग्रंथों का सम्मिश्रण है। मूलग्रंथों के चयन में बड़ी विविधता है और यह ग्रंथ देश के विभिन्न प्रदेशों के विद्वानों द्वारा रचित ग्रंथों का एक तर्कसंगत चयन है। उल्लेखनीय ग्रंथों में चरक संहिता, अष्टांग हृदय, भावप्रकाश, वंगसेन, चक्रदत्त, योगशतक, शारंगधर संहिता, भास्करयोग चिन्तामणि, वृन्दहारीत चिकित्सासार हैं। ,,,,,,,

इस चिकित्सा-ग्रंथ का एक अन्य उल्लेखनीय पक्ष जम्मू-कश्मीर राज्य में उपलब्ध औषध द्रव्यों में अरबी एवं फारसी नामों का समावेश है। इनके साथ-साथ इस ग्रंथ में यूनानी चिकित्सा पद्धति में प्रयोग की जाने वाली औषधों का भी विभिन्न रोगों के उपचार हेतु वर्णन मिलता है।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

'चन्द्रभागा संवाद' मासिक 402-अंबफला, जम्मूतवी-180 005 से साभार

अनमोल वचन

न कालस्यास्ति बन्धुत्वं न हेतुर्न पराक्रमः ।
न मित्रज्ञातिसम्बन्धः कारणं नात्मनी वशः।।

(रामा. 25.7)

काल का किसी के साथ कोई भाईचारा नहीं होता। मित्रता अथवा जाति आदि का भी संबंध नहीं होता। काल को कोई अपने वश में नहीं कर सकता और काल पर किसी का पराक्रम नहीं चल सकता।

भारत के प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह जी के नाम खुला पत्र

आदरणीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी

जय श्रीराम / सतश्री अकाल

प्रधानमंत्री के नाते दूसरे कार्यकाल को शुरू करने के लिए आपको हमारी ओर से हार्दिक बधाई। अपने पहले कार्यकाल में आपने हिन्दुस्थान को दारुल इस्लाम बनाने की दिशा में कई बड़े-बड़े काम किए हैं जिनमें से कुछ ये हैं :-

1. केन्द्रीय मंत्रीमंडल में अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय बनाने के साथ-साथ उसके लिए अलग केबिनेट मंत्री नियुक्त करना
2. केबीनेट मंत्री के नाते जाने-माने इस्लाम परस्त व्यक्ति अब्दुल रहमान अंतुले को केबिनेट मंत्री बनाना
3. यह घोषणा करना कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है
4. राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में मुसलमानों की आर्थिक दशा का आकलन करने और उसके सुधार के उपाय सुझाने के लिए सच्चर कमेटी का गठन और उस समिति की झूठी-सच्ची रिपोर्ट के आधार पर मुसलमानों को देश में अधिक से अधिक सुविधाएं, नौकरियां, छात्रवृत्तियां दिलाने का घोर सांप्रदायिक अभियान
5. मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों के उन छात्रों/छात्राओं को छात्रवृत्तियां देना जिनके परिवार की वार्षिक आमदनी 2 लाख रुपये या उससे कम हो। इसका परिणाम यह हुआ है कि अनेक हिन्दू परिवार मुसलमान बनने के लिए तैयार हो गए हैं।
6. मज़हबी जुनून से जन्मे पाकिस्तान की जन्मदात्री 'अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी' की तर्ज पर देश में तीन अन्य विष-बीज बोने (निर्माण) हेतु विश्वविद्यालयों के लिए करोड़ों रुपयों का अनुदान दिया जा रहा है।

ऐसे अनेक और भी उदाहरण है जिनसे हिन्दुस्थान को दारुल-इस्लाम बनाने के लिए आपके कार्यकाल में पूरी-पूरी कोशिश हुई है जिनमें हज यात्राओं की सब्सिडी, हज हाउसों का बड़ी संख्या में सरकारी भूमि पर सरकारी पैसे से निर्माण और अद्धसैनिक बलों में मुसलमानों की भर्ती का ज़ोरदार अभियान आदि शामिल हैं।

अब चूंकि आपका दूसरा कार्यकाल शुरू हो गया है, इसलिए यह बहुत ज़रूरी है कि आप हिन्दुस्थान के इस्लामीकरण की दिशा में और अधिक तेज़ी से कार्रवाई करें ताकि इस देश में आप अनंत काल तक प्रधानमंत्री बने रह सकें। इसके लिए हमारे कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं:-

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

1. चूंकि देश के लगभग 15 प्रतिशत मुसलमानों के लिए हर साल लगभग 15 हज़ार करोड़ रुपये अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के द्वारा लगभग ब्याजमुक्त ऋणों के रूप में, 80 मुस्लिम बहुल ज़िलों में अनेक प्रकार की सुविधाएं देने आदि के लिए खर्च किए जा रहे हैं जबकि सामान्यत: मुसलमानों से हरेक वर्ष शायद अधिकतम डेढ़ से दो प्रतिशत आयकर (इन्कम टैक्स), कुल वैट की लगभग डेढ़ से दो प्रतिशत धनराशि, सेवाकर शायद बिल्कुल नहीं आदि मिलते हैं, (इस बारे में सच्चर कमेटी ने कोई सूचना इकट्टी नहीं की) इसलिए अच्छा यह होगा कि मुसलमानों को पूरी तरह आयकर, सेवाकर, वैट, बिक्रीकर (यदि कहीं हो), उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क आदि से मुक्त कर दिया जाएं और उनसे कुछ न लिया जाए, जैसा कि सन् 1200 से 1710 ई. तक हिन्दुस्थान में हुआ।

2. आयकर, सेवाकर, वैट, बिक्रीकर, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क आदि करों का नया नामकरण करके हिन्दुओं के लिए उन्हें जज़िया टैक्स नंबर 1, 2, 3, 4, 5 तथा 6 आदि नामों से जाना जाए जिससे मुसलमानों के मुल्लाओं को यह लगने लगे कि हिन्दुस्थान अब दारुल-हरब नहीं है दारुल-इस्लाम हो गया है। हो सकता है कि इससे हिन्दुस्थान में आतंकवादी हमले, जिसके कारण सारे देश में दहशत का माहौल है, खत्म हो जाए और मुसलमानों के मुल्लाओं की हिन्दुस्थान को दारुल इस्लाम बनाने की कोशिशों की आवश्यकता ही नहीं रहेगी क्योंकि आप इस काम को पूरा करने में सहयोग दे रहे हैं।

इस दिशा में कुछ और भी सुझाव हो सकते हैं, फिलहाल इतना ही काफी होगा। विश्वास है कि आप हमारे इस अनुरोध को स्वीकार करके जल्दी से जल्दी संसद में इस बारे में कानून बनवाकर **अपने आपको गाज़ी सिद्ध कर सकेंगे।**

शुभकामनाओं सहित,

आपका

बैकुण्ठ लाल शर्मा 'प्रेम सिंह शेर'

पूर्व सांसद्

पावन भारतीय संस्कृति - दिशा और दशा

हिन्दू और हिन्दू स्थान ये शब्द कान में पड़ते ही दिलो-दिमाग में एक बिजली कौंध जाती है, अतीत के अनगिनत स्वर्णिम पृष्ठ आँखों के सामने खुलते चले जाते हैं, हिन्दुस्थान जो कि भारत और आर्यावर्त के नाम से जाना जाता है वह पावन धरा जहाँ सृष्टि के पहले मानव ने आँखें खोलीं वेदों का प्राकाट्य हुआ जिसके माध्यम से संसार की समस्त विद्या और कला अपने दिव्य रूप में प्रकट हुई, श्री मन्नारायण के चौबीस अवतारों की लीला भूमि जहाँ देवगण भी अवतार लेने को तरसते हैं और भी बहुत कुछ जिसे शब्दों में बाँध पाना असंभव है। वैदिक ज्ञान के आलोक में आर्यवंशी संपूर्ण भूमंडल में अपने उपनिवेश स्थापित करते हुए सार्वभौम चक्रवर्ती सम्राट के पद पर आरूढ़ हुए। वैदिक संस्कृति, श्रेष्ठतम आध्यात्मिक और मानव मूल्यों की स्थापना करते हुए विश्वबंधुत्व, विश्वशांति तथा सृष्टि में विराजमान प्रत्येक जीव के कल्याण का मार्ग चिर काल तक प्रशस्त करते रहे, सतयुग, त्रेता व्यतीत हुआ द्वापर के अंतिम चरण में भगवान का कृष्णावतार हुआ। महाराज युधिष्ठिर को महाभारतोपरांत सिंहासनासीन कर वासुदेव कृष्ण कलिकाल के प्रवेश से पूर्व निज लीला संवरण कर गोलोक प्रस्थान कर गए। परम तेजस्वी समग्र भूमंडल के सार्वभौम सम्राट महाराज युधिष्ठिर से सम्राट क्षेमक तक पांडवों की 31 पीढ़ियों ने 1700 वर्ष तक संपूर्ण पृथ्वी पर अखण्ड राज्य किया, तत्पश्चात् नन्द, मौर्य, शुंग, कण्व और आन्ध्रवंशीय राजाओं का शासन तथा केन्द्रीय शासन कमजोर होने पर भारत के विभिन्न भागों पर शक, पल्लव, तुषार और हूण वंशीय राजाओं ने राज्य किया। अंग्रेज़ी दासता में लिखे जाने वाले

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

भारतीय इतिहास ने भारत के इस गौरवशाली सत्य इतिहास को अस्वीकार कर दिया। अंग्रेज़ों ने भारत का भ्रष्ट और विकृत इतिहास विदेशी ईसाइयों से लिखवा कर भारत में मैकाले पद्धति द्वारा स्थापित शिक्षा संस्थानों द्वारा पढ़ाना प्रारंभ किया। जिसमें महाभारत को एक कपोल कल्पना माना गया। कितने आश्चर्य की बात है कि **ईसा के जन्म से 305 वर्ष पूर्व भारत आने वाला विद्वान मेगस्थनीज़ विक्रम की प्रथम शती से आठवीं शती तक आने वाले 100 चीनी विद्वान बौद्ध भिक्षुओं जिनमें इत्सिंग, फाहियान और ह्वेनसांग अति प्रसिद्ध हैं इन सबने अपने इतिहास और यात्रा विवरणों में महाभारत और उसकी सभी घटनाओं का वर्णन किया है।** सातवीं सदी का प्रथम अरब यात्री, सुलेमान सौदागर, अलमासूदी तथा 1010 से 1020 ई. तक अबूरिहां अलबरूनी जैसे विधर्मी इतिहासकार महाभारत का वर्णन अपने इतिहास में करते हैं। अकबर के दरबारी इतिहासकार अबुल फज़ल अपने ग्रंथ आइने अकबरी में बाकायदा पांडव राजाओं की वंशावली सहित महाभारत का वर्णन करते हैं। मगर उनके दरबार में कहीं भी यह कुविचार नहीं आया कि महाभारत को कपोल कल्पना कहने का दुस्साहस करें और भी बहुत से प्रमाण हैं। मगर 1757 ई. में प्लासी के बाद भारत की धरती पर पैर रखने वाले अंग्रेज़ों और ईसाई मत के मानने वाले कतिपय विदेशी इतिहासकारों ने अपने असत्य इतिहास से 2308 वर्ष पूर्व लिखित उपरोक्त सत्य इतिहास को झूठा बताकर अपने बाप को बाप मानने से इंकार कर दिया **उनकी झूठन पर पलने वाले वर्णसंकर भारतीय इतिहासकारों ने भी महाभारत को जो कि भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा स्रोत है कपोल कल्पना कहना प्रारंभ कर अपनी माता की कोख में लात मारकर भारत द्रोह का जघन्य अपराध किया। अंग्रेज़ों का महाभारत को कपोल कल्पना कहना एक मजबूरी थी क्योंकि यदि वे महाभारत को सत्य मानते तो उन्हें वैदिक धर्म और संस्कृति को विश्व की प्राचीनतम और श्रेष्ठतम धर्म संस्कृति स्वीकार करना पड़ता। उन्हें मानना पड़ता कि सभी मानव आर्यो की संतान हैं तथा आर्यो का समग्र भूमण्डल में शासन रहा है और यदि वे ऐसा करते तो ईसाइयत और भारत में उनके शासन का जनाज़ा निकल जाता इसलिए उन्होंने अपने इतिहास में लिखा कि भारत का कोई लिखित इतिहास नहीं है, क्योंकि भारतीयों को इतिहास लिखना नहीं आता था। क्या आप मान सकते हैं कि जिस भारत में तक्षशिला, नालन्दा और विक्रमशिला जैसे सैंकड़ों विश्वविद्यालय थे जिनमें विश्व भर के लोग 75 से अधिक विषयों की शिक्षा प्राप्त करते थे उन हिन्दुओं को इतिहास लिखना नहीं आता था।** इसलिए समुद्री डकैती करने वाले अंग्रेज़ों को भारत का इतिहास लिखने की आवश्यकता हुई। मकसद सिर्फ एक ही था हिन्दू और हिन्दू राष्ट्र भारत को उसके गौरवशाली अतीत से पृथक् कर ईसाइयत का प्रचार और भारत में अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करना। **सन् 650 से इस्लामी जेहादी भारत की पश्चिमी सीमाओं से भारत को जीतने के लिए आक्रमण करने लगे काबूल, जाबुल और कोकान इन तीन राज्यों ने उनका लगातार तीव्र प्रतिरोध 229 वर्ष तक किया और उन्हें भारत में नहीं घुसने दिया। सन् 879 तक भारत एक हिन्दू राष्ट्र बना रहा। सन् 1017 में लाहौर के पतन के बाद भारत की पश्चिमी सीमाओं को छोड़कर महाराज पृथ्वीराज के समय तक भी भारत एक हिन्दू राष्ट्र रहा था।** सन् 1206 में दिल्ली पर मुस्लिम आधिपत्य के बाद सन् 1707 तक हिन्दू वीरों ने अपने शौर्य और प्रतिरोध से भारत को इस्लामी राज्य नहीं बनने दिया और अब आशा थी कि भारत पुनः अपना खोया हुआ पूर्व गौरव प्राप्त कर हिन्दू राष्ट्र बनेगा किन्तु अंग्रेज़ी शासन ने इस संभावना को धूमिल कर दिया। 1947 में जब अंग्रेज़ हिन्दुस्थान को छोड़कर भाग रहे थे तब मुस्लिम लीग के तत्कालीन नेताओं ने अपनी मज़हबी आस्था को सर्वोपरि रखते हुए एक सच्चे मुसलमान होने का परिचय दिया और बड़े गर्व से भारत को खण्डित कर इस्लामी देश पाकिस्तान का निर्माण कर लिया। **मगर हिन्दुओं का नेतृत्व करने वाले गांधी और नेहरू कैसे सच्चे हिन्दू थे जिन्होंने न केवल भारत को खण्डित किया वरन् भारत को भी हिन्दू राष्ट्र नहीं बनने दिया।** क्योंकि गांधीजी और नेहरू जी चाहते थे कि भले ही हिन्दू और भारत का सर्वनाश हो जाए पर उनके इस कुकर्म के बदले सारी दुनिया उन्हें धर्मनिरपेक्ष और मानवतावादी मानकर दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार नोबेल प्राइज़ से सम्मानित करे। यह वह पल था जिसका इंतज़ार उन करोड़ों आत्माओं को था जिन्होंने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए अपना बलिदान दिया था जो स्वर्ग में बैठकर सदियों से इस दिन की प्रतीक्षा कर रही थी कि उनका बलिदान सार्थक होगा और भारत जो कि गुलामी से पूर्व हिन्दू राष्ट्र था आजादी के बाद हिन्दू राष्ट्र बनेगा, क्योंकि मुस्लिम देश पाकिस्तान के निर्माण के बाद भारत के हिन्दू राष्ट्र बनने में कोई बाधा नहीं थी। जीती हुई बाज़ी हाथ से निकल गई। स्वतंत्रता का वरदान अभिशाप में परिवर्तित हो गया। जिस भारत को सारी दुनिया में फैले हुए हिन्दुओं का नेतृत्व कर

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

विश्व की महाशक्ति बनना था वह पुनः सिर्फ मुसलमान और अंग्रेज़ों का गुलाम बनकर रह गया और अगर भारत हिन्दू राष्ट्र बन जाता तो विश्व में अनेक हिन्दू राष्ट्र बन जाते मारिशस, ग्याना, फिजी में हिन्दू बहुसंख्यक थे। भारत और नेपाल के सहयोग से हिन्दू बहुल थाइलैण्ड, कम्बोडिया, लाओस, इण्डोनेशिया, भूटान, तिब्बत और चीन हिन्दू बौद्ध राष्ट्र समूह में सम्मिलित हो जाते। मंगोलिया, कीनिया, त्रिनीदाद, में हिन्दू तीस प्रतिशत से अधिक होने के कारण वहां की राजनीति को प्रभावित कर सकते थे जिसके फलस्वरूप ईसाई और मुस्लिम राष्ट्रों के विरुद्ध विश्व में एक प्रचण्ड हिन्दू शक्ति का उदय हो जाता। गांधी जी और नेहरू जी के इस पाप में तत्कालीन सारी कांग्रेस भागीदार नहीं थी कांग्रेस के 60 प्रतिशत से अधिक प्रभावशाली नेता हिन्दुत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे, वे न तो देश का विभाजन चाहते थे और नेहरू को प्रधानमंत्री बनाना। कांग्रेस कार्यसमिति का सर्व सम्मत प्रस्ताव सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था किन्तु केवल गांधी जी की इच्छा से एक ऐसा व्यक्ति जो स्वयं को एक्सीडेंटल हिन्दू कहता था स्वतंत्र भारत का भाग्य विधाता बना। **नेहरू के शासन में हिन्दू और हिन्दू धर्म को अपमानित और समूल नष्ट करने का प्रयास योजनाबद्ध तरीके से प्रारंभ हुआ। जिस भ्रष्ट इतिहास की चर्चा हमने ऊपर की है वही विद्यालयों में पढ़ाया गया। हिन्दी के स्थान पर अंग्रेज़ी को वरीयता दी गई। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इस्लामी आतंकवाद और ईसाई मतान्तरण को प्रोत्साहित किया गया। भारत जो कि हिन्दू राष्ट्र है उसे कबीलों से आबाद होने वाला मिश्रित सांस्कृतिक राष्ट्र बताया गया। हिन्दू और हिन्दुत्व को सांप्रदायिक शब्द से लांछित किया गया।** रामसेतु प्रकरण और आज का भ्रष्ट शैक्षिक पाठ्यक्रम इसी नीति का परिणाम है और भी बहुत कुछ जो इस सारी पाप कथा को लिखने में असमर्थ है। जो अपने दादा-दादी के नाम तक नहीं जानते वो राम के होने का सबूत मांगते हैं। आज अपने ही देश में हिन्दू दूसरे दर्जे का नागरिक है। पूरे देश में हिन्दू, इस्लामी आतंकवादियों द्वारा सरेआम कत्ल किया जा रहा है। हिन्दू मंदिरों पर गज़नवी और गौरी की तरह के हमले किए जा रहे हैं। 5 लाख कश्मीरी हिन्दू दिल्ली की सड़कों पर पड़े हैं और 4 करोड़ बंगलादेशी आंतकी देश के अंदर हैं। हिन्दुओं के टैक्स और मंदिरों की रकम से इस्लामी आतंकवादियों को हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं। मौलवियों और ईसाई पादरियों को तनख्वाहें दी जा रही हैं। हाजियों को हज कराई जा रही है। मदरसों को अनुदान देकर आतंकियों की फसल तैयार की जा रही है। इस्लामी आतंकी, माओवादी, नक्सलवादियों को सोनिया जी की ईसाई सरकार अपने दामाद की तरह सम्मान दे रही है। बेनज़ीर और मुशर्रफ ने कहा कि मदरसे आतंकियों के गढ़ हैं। शिवराज पाटिल ने कहा कि ये मानवता के सेवक हैं। सारी दुनिया के गैर-मुस्लिम राष्ट्राध्यक्ष कहते हैं कि मुसलमान सारी दुनिया में आतंक फैला रहे हैं मगर हमारे प्रधानमंत्री कहते हें कि भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। हद तो यह है कि वाममार्गी विचारों के समर्थन से चलने वाली सोनिया की सरकार ने संसद पर हमले के सजायाफता मुजरिम अफजल को अपने आंचल की छांव में छिपाकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय और देश के सुरक्षा बलों के मुंह पर जोरदार तमाचार मारकर अपने इस्लमी आतंकवादी प्रेम को उजागर कर दिया है। इतना सब कुछ पढ़ने के बाद भी आपको यदि भारत और हिन्दुओं के भविष्य का अनुमान नहीं होता तो मैं समझता हूँ कि मेरा परिश्रम व्यर्थ है। अब एक ही प्रश्न शेष रह जाता है कि वर्तमान संकट को यथास्थितिवादी बनकर मूकदर्शक की तरह हिन्दू और हिन्दुस्थान का विनाश देखना है अथवा इस दिशा को बदलकर खोये भारत की पुनर्प्रतिष्ठा करनी है। इसका एक ही समाधान है कि भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए। सारे विश्व में जो समुदाय बहुसंख्यक है उसी के धर्म से वह राष्ट्र जाना जाता है। सबसे बड़ी जनसंख्या ईसाई तो सबसे अधिक ईसाई देश विश्व की दूसरी बड़ी जनसंख्या वाले मुस्लिम तो 50 से अधिक मुस्लिम राष्ट्र, सबसे कम जनसंख्या यहूदी तो उनका भी एक देश तो फिर 85 करोड़ हिन्दू आबादी वाला भारत हिन्दू राष्ट्र क्यों नहीं हो सकता। भारत एक हिन्दू राष्ट्र था और एक हिन्दू राष्ट्र है। जो हिन्दू चाहेगा वही इस देश में होगा। अगर आज नहीं तो कल हम इसे प्राप्त करके रहेंगे। हिन्दू-हिन्दुत्व और हमारे पूज्य प्रतीकों का बहुत अपमान हो चुका है। बस अब और नहीं। भारत के हिन्दू राष्ट्र बनते ही इन सभी समस्याओं का समाधान स्वतः ही हो जाएगा क्योंकि 85 प्रतिशत समस्याएं भारत सरकार द्वारा पैदा की गई हैं। जिससे हिन्दू समाज इनमें उलझकर भारत-भक्ति और हिन्दुत्व से दूर हो जाए। आर्यायन द्वारा आयोजित हिन्दू संस्कृति व्याख्यानमाला एक विचार क्रांति अभियान है जो किसी मज़हब, व्यक्ति, संस्था अथवा राजनैतिक दल का विराधी नहीं। हमारा उद्देश्य हिन्दू समाज की

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

वर्तमान स्थिति की सही जानकारी देना है और आने वाले कल की सही तस्वीर अपने समाज के समक्ष रखने का है जिसे जानबूझकर छिपाया जा रहा है या गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

अत: केवल एक संकल्प एक साधना एक पुरुषार्थ अखण्ड हिन्दू राष्ट्र जहां से उठने वाला यज्ञ धूम विश्व को कल्मष मुक्त करेगा। वेदों का गान शांति, सद्‌भाव और मैत्री की तरंगों से भूमण्डल को स्पन्दित कर देगा। पुण्य सलिला भागीरथी की शुचिता से पवित्र हो वसुंधरा मोदमग्न हो जाएगी।

श्रीरामदासानुदास शरद चन्द्र (एडवोकेट)

संस्थापक, आर्यायन

लोकमान्य ! हम शर्मिन्दा हैं ... स्वराज को हम भूल गए

भारत को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने में प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का योगदान अविस्मरणीय है। कांग्रेस के नरम दल के नेता के नाते उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन को नयी दिशा दी। 'गीतारहस्य' नामक पुस्तक के रचयिता तिलक के लेखों ने लाखों भारतीयों को अपने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा दी। महाराष्ट्र में उन्होंने गणेश पूजा का प्रारंभ कर लोगों में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रवाह किया। उत्कट देशभक्ति के प्रेरणास्रोत व "स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा" का उद्‌घोष करने वाले तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को एवं 1 अगस्त 1920 को देहावसान हुआ। यानी अगस्त में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की 89वीं पुण्यतिथि पड़ी। **'प्रवक्ता डॉट कॉम' के विशेष आग्रह पर युवा पत्रकार राकेश उपाध्याय ने समकालीन राजनीति और तिलक की प्रासंगिकता विषय पर तीन कड़ियों में आलेख लिखा है।**

1 अगस्त 2009 को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को गुजरे लगभग 90 साल पूरे हो गए। हम अब यह दावा नहीं कर सकते कि देश में कोई ऐसा होगा जिसने लोकमान्य को अपनी आंखों से कभी देखा होगा, हां इतना जरूर कहा जा सकता है कि लोकमान्य की आंखों के सपने अभी भी कुछ भारतीयों की आंखों में तिरते होंगे। संभवत: मुट्‌ठीभर ऐसे भी अवश्य होंगे जो आज भी सही मायनों में 'स्वराज' आने का इंतजार कर रहे हैं।

मुझे लगता है कि तिलक आज जिंदा होते तो शायद पहले से भी कहीं अधिक वेग से हिन्दुस्थान में स्वराज की स्थापना के संघर्ष में बिगुल बजा रहे होते। आज के भारत का कड़वा सच यही है कि भारतीय राजनीतिक पटल पर एक भयानक तमस और कुहासा चारों ओर छाया दिख रहा है। तिलक का कालखण्ड बीतने को शताब्दी आ गई लेकिन उस समय जो गाढ़ा अंधकार भारत के राजनीतिक क्षितिज पर छाया हुआ था, जिससे निजात दिलाने के लिए तिलक भारतभूमि पर पैदा हुए, वह तो आज कहीं ज्यादा विकराल हो उठा है। लोकप्रियता को ही मानक मान लें तो आज देश में किस राजनीतिक दल का कौन नेता दावा कर सकता है कि उसकी एक दहाड़ पर हिन्दुस्थान ठप्प हो सकता है? शायद ही कोई राजनेता ऐसा हो जिसके पास अखिल भारतीय दृष्टि हो, जिसके लिए भारतवर्ष के प्रत्येक प्रांत की जनता में बेइंतहा प्यार हो, जो अपने जीवन में किसी विचारधारा की लीक पर चलता हो, जिसको कोई सिद्धांत हो और वह सिद्धांत उसके आचरण से स्पष्ट झलकता भी हो।

आज हिन्दुस्थान की 77 प्रतिशत आबादी जब 10 से 20 रुपये प्रतिदिन में गुजर-बसर कर रही है, सारा देश सांस्कृतिक संक्रमण, बेरोजगारी, आंतरिक आतंकवाद और वैदेशिक आतंकवाद, घोर गरीबी, गांवों की खस्ताहाल हालत, बजबजाते शहरों और कस्बों से लहूलुहान हो उठा है, विदेशी कारपोरेट कल्चर हिन्दुस्थान और उसकी नियति के निर्धारकों राजनीतिक नेताओं और अफसरों को पूरी तरह से जब अपनी गिरफ्त में ले चुका है तब हमें तिलक की याद आती है। तिलक की ही याद क्यों ? क्योंकि यही वह अकेला शख्स था जिसने 100 साल पहले भारत की राजनीति को अपने मन और बुद्धि से सोचना सिखाया। हाँ ये तिलक ही थे जिन्होंने पहले पहल यह करके दिखाया था। उनकी सिंहगर्जना से ब्रिटिश हुकूमत हिलती थी और कांग्रेस का नरमपंथी धड़ा भी। आखिर यूं ही उन्हें तमाम ब्रिटिश दस्तावेजों ने 'फादर ऑफ इंडियन अनरेस्ट' अर्थात भारत में अशांति का जन्मदाता होने के खिताब से नवाज़ा नहीं था। यह उनकी लोकप्रियता का ही भय था कि ब्रिटिश हुकूमत को उन्हें गुपचुप कालेपानी जैसी कैद के लिए बर्मा (म्यांमार) स्थित माण्डले जेल रवाना करने पर मजबूर होना पड़ा।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

तिलक के समय हिन्दुस्थान की राजनीतिक परिस्थिति क्या थी, उस पर भी निगाह दौड़ाना वाजिब होगा। कैसे नेता थे हमारे उस समय ! ऐसे जो सवेरे कहीं किसी क्लब में गोष्ठी करके ब्रिटिश हुकूमत को शासन संबंधी सुझाव और सलाह देने से अधिक कुछ करने में विश्वास नहीं रखते थे और शाम को ब्रिटिश हुक्मरानों के खैरकदम और जीहुजूरी में जो पलक पांवड़े बिछाकर खड़े रहने में ही अपना जीवन धन्य मानते थे कि कहीं साहब बहादुर उन्हें भी कहीं पर रायबहादुरी या सर का कोई खिताब अदा फरमाएंगे। कांग्रेस को उन्होंने क्लबनुमा थिएटर मंडली बना रखा था जिसकी हालत आज देश में चल रहे तमाम चैरिटी क्लबों के समान थी जो सरकार और समाज के साथ अपना पीआर जमाए रखने के लिए गाहे बगाहे मिलते-जुलते और अधिवेशन आदि करते रहते थे। अंग्रेज़ी राज मानो ईश्वर ने सदा के लिए हमारी नियति में लिख दिया था तब लोकमान्य का पदार्पण हिन्दुस्थान की राजनीति में हुआ। उस महान व्यक्तित्व की याद आज के संदर्भ में तो और भी प्रासंगिक हो उठती है क्योंकि उसी ने उन्नीसवीं सदी के उगते सूर्य को साक्षी मानकर पहले पहल कहा था कि अंग्रेजों तुम हमारे भाग्यविधाता नहीं हो, हमारी आजादी हमें सौंपकर तुम हम पर कोई अहसान नहीं करोगे, यह हमारा स्वराज है, सदियों से यह स्वराज हमारी आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन रहा है, तुम हमारी आत्मा पर राज नहीं कर सकते, तुम्हें हिन्दुस्थान से जाना होगा, जाना ही होगा क्योंकि स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे।

स्वराज !!! छोटा सा शब्द, किन्तु मानव ही क्या मानवेतर अन्य योनियों, पशु-पक्षियों के जीवन के लिए भी सर्वाधिक गहन और महत्वपूर्ण इस शब्द के अर्थ को देश को समझाने के लिए तिलक महात्मा ने कैसा भीषण संघर्ष और संताप अपने जीवन में झेला इसे पढ़कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ब्रिटिश हुकूमत और भारत के कुछ कथित राजनीतिक रहनुमाओं की षड्यंत्री राजनीति ने सन् 1908 में उन्हें 6 साल के लिए बर्मा स्थित माण्डले जेल पहुँचा दिया, जेल में रहने के दौरान ही उन्होंने अपनी धर्मपत्नी को खो दिया। इसके पूर्व अपने नरमपंथी साथियों के खिलाफ दिसम्बर 1907 के कांग्रेस के सूरत महाधिवेशन में ताल ठोककर वे खड़े हो गए। कहाँ-कहाँ उन्होंने संघर्ष नहीं किया। ब्रिटिश पराधीनता की चक्की में पिस रहे स्वदेशी शिल्पकारों, मज़दूरों, किसानों, मजलूमों की वे सशक्त आवाज बने। उनकी लोकप्रियता कैसी इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब उन्हें केसरी में ब्रिटिश शासन विरोधी संपादकीय लिखने और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ हिंसक आतंकवाद और बगावत भड़काने के आरोप में सन् 1908 में कैद की सजा सुनाई गई, समूची मुंबई उस दिन ठप्प पड़ गई और मुंबई ही क्या समूचे देश में अंग्रेजी शासन ने अलर्ट की घोषणा कर दी। बैरकों में सिपाहियों को किसी संभावित विद्रोह को कुचलने के लिए तैयार रहने को सावधान कर दिया।

लोकमान्य को याद करने का मतलब आज क्या हो सकता है? इसे जानने के लिए हमें लोकमान्य के जीवन में झांकना होगा। वह जीवन जिसने आत्माभिमान शून्य, दिमागी तौर पर अलसाये, मुरझाये और गुलामी के बोझ से कांपते, कातर हिन्दुस्थान को सही मायनों में सोचना और बोलना सिखाया। तिलक की याद करना सिर्फ अतीत के बीते पन्नों को पलटना मात्र नहीं है, उनकी याद आज की तरंगित, उमंगों से भरी युवा पीढ़ी को, संसद में कलफदार धोती कुर्ता, पाजामा और पेंट-शर्ट पहले नेताओं को अपना जीवनोद्देश्य फिर से तलाशने की राह पर ले जाने का प्रयास भी है। यह उस विरासत को संभालने और संजोए रखने का प्रयत्न है जिसकी रक्षा के लिए महात्मा तिलक ने अपना जीवन अर्पित किया।

राजनीतिक दलों में पद को लेकर आज मारामारी हम देखते हैं यह मारामारी तिलक के समय विचारों के स्तर पर प्रबल थी। कांग्रेस पर उन तत्वों ने कब्जा जमा लिया था जो हिन्दुस्थान को अंग्रेजी राज के खिलाफ किसी निर्णायक जंग के खिलाफ खड़ा करने में बुद्धिमानी नहीं समझते थे। ऐसे तत्व 1857 की क्रांति की असफलता के बाद मुकम्मल आजादी यानी पूर्ण स्वराज की मांग को उतना ही गैर जरूरी मानते थे जितना जरूरी वे भारत के कल्याण के लिए अंग्रेजों की उपस्थिति को मानते थे। ...... कुछ साल पहले हमारे देश के एक वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्री ने अंग्रेजों द्वारा सौंपी गई इस महान विरासत के लिए लंदन में कैसा धन्यवाद ज्ञापित किया था, उसे यहाँ दुहराने की जरूरत नहीं है, हां यह सच जरूर स्वीकार कर लेने की जरूरत है कि तिलक का कालखण्ड बीतने के 90 साल बाद भी यह कौम हिन्दुस्थान में खत्म नहीं हुई है जिसके खिलाफ तिलक जीवन भर संघर्ष करते रहे किंवा वह कौम तो और मज़बूती और कहीं ज्यादा प्रभावी ढंग से आज हम हिन्दुस्थानियों को उपदेश देती फिर रही है। यह वह कौम है जो यह कहने में कोई संकोच नहीं करती कि हे हमारे विधाता अंग्रेज भाइयों ! तुमने 17वीं शताब्दी में हिन्दुस्थान आकर हमारे ऊपर कितनी कृपा की, यह तुम्हारे 200 साल के कठोर शासन का ही प्रतिफल है कि हम हिन्दुस्थानी कुछ पढ़ लिख गए हैं अन्यथा अगर तुम न आए होते तो जरा सोचो हमारा क्या हाल होता ? तब न यह संसद होती और न यह बिजली बत्ती, दुनिया जरूर 21 वीं सदी में पहुँच गई हम तो वैसे ही आदम के जमाने में रह गए होते। तुमने यहाँ आकर जो कृपा की उसका क्या अहसान हम चुकाएं। हम तो बस यही कह सकते हैं कि तुम एक बार फिर आओ। .....

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

पाठक विचार सारणि

बड़े खेद की बात है कि बीजेपी के शीर्ष नेताओं में शामिल जसवन्त सिंह ने न जाने क्यों भारत विभाजन पर विवादित विचारों से ग्रस्त पुस्तक लिख कर राष्ट्र में एक नकारात्मक चर्चा को जन्म दिया। **आज जब राष्ट्र कश्मीर से कन्याकुमारी तक मुस्लिम आतंकवाद (जेहाद) से जूझ रहा है तो जिन्ना को 'दुश्मन से दोस्त' बनाने का क्या औचित्य है।** द्विराष्ट्र का विचार देने वाले मुस्लिम लीगी जिन्ना भारत विभाजन की ऐतिहासिक त्रासदी के पूर्ण रूप से जिम्मेदार थे।

लेखक लिखता है कि मुसलमानों को 'एलियन्स' समझा जाता है अर्थात् उनको दूसरे दर्जे नागरिक समझा जाता है और वह बहुसंख्यक हिन्दू समाज से भयभीत रहता है। जबकि वास्तविकता यह है कि आज जब भारत के प्रधानमंत्री कहते हैं कि 'देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है' तो फिर वे इससे क्या प्रमाणित करना चाहते हैं?

आज राष्ट्र में जहाँ-जहाँ मुसलमान बहुसंख्यक हैं वहाँ-वहाँ हिन्दू मारा जा रहा है या भगाया जा रहा है। जबकि हिन्दू बहुल क्षेत्रों में मुसलमान आन-बान-शान से रहता है। अन्य सभी लोग सलामवालूकुम या आदाब अर्ज करके उनसे मिलते हैं जबकि वह कभी 'जयश्रीराम' या 'जय माता दी' नहीं करता। इसके अतिरिक्त जगह-जगह निकलने वाली हिन्दू धार्मिक शोभायात्राओं पर वे आक्रमण करते हैं। समाचारों से यह भी विदित होता है कि प्राय: हिन्दू मुस्लिम दंगे की शुरुआत मुसलमान ही करते हैं। पुलिस पर व अन्य अर्द्धसैनिक बलों पर भी मुसलमान ही आक्रमण करने का दुस्साहस करते हैं।

किसी मुस्लिम बस्ती में पुलिस अपराधी पकड़ने जाती है तो उस पर ताबड़तोड़ पत्थर बाजी करके उन्हें सरकारी कार्यवाही नहीं करने देते और अपराधी को बचा लेते हैं। इस प्रकार की अनेक घटनाएं पिछले 50 सालों में समाचार पत्रों के माध्यम से संज्ञान में आती रही हैं।

अत: यह कहना कि मुसलमान हिन्दू समाज से भयभीत हैं तो सर्वथा अपने आपको धोखे में रखना होगा। आज भी अगर किसी सभा में हिन्दू जेहाद के विषय में बात करते हैं तो उस सभा में अगर एक भी मुसलमान बैठा होगा तो अधिकांश लोग कहेंगे कि ऐसा मत कहो मुसलमान बुरा मान जाएगा।

तीन राज्यों में आतंक का पर्याय बन चुका सोहराबुद्दीन को जिस पर हजारों रुपये का इनाम घोषित था, जब पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया तो उस पर मुस्लिम-उन्मुखी राजनीति के कारण उन बड़े पुलिस अधिकारियों को जेल में डालकर मुकदमा चलाया जा रहा है, और कुख्यात सोहराबुद्दीन के परिवार को सरकार 10 लाख रुपये मुआवजा दे रही है।

वाह क्या विडम्बना है? **देश के लिए मर मिटने वाले बहादुर हिन्दू पुलिस अधिकारियों को प्रताड़ना व कुख्यात मुस्लिम अपराधी को पुरस्कार।** इसी प्रकार दिल्ली में पिछले दिनों बटाला हाउस में मारे गए पुलिस इंस्पेक्टर पर भी मुसलमानों व उनके तथाकथित सहयोगियों द्वारा आरोप-प्रत्यारोप लगा कर मुस्लिम आतंकवादियों को बचाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। क्यों जसवन्त सिंह जी को यह सब घटित हो रही राष्ट्रद्रोही गतिविधियां दिखाई नहीं दे रही हैं। जबकि वे लगभग 30 साल से राष्ट्रवादी पार्टी बीजेपी के नेता बने हुए थे। **अभी लगभग 15 प्रतिशत मुसलमान भारत में हैं और वे सरकार के साथ-साथ राजनैतिक दलों की आंखों के तारे हैं उन्हें एलियन्स या दूसरे ग्रह का नागरिक कह कर जसवन्त सिंह ने अपनी खोखली मानसिकता का परिचय कराया है या फिर 'जिन्ना की प्रशंसा' व 'मुसलमानों के प्रति भक्ति' पर कोई पुरस्कार की अभिलाषा जागी है।**

विनोद कुमार सर्वोदय

नयागंज, गाजियाबाद

पुस्तक समीक्षा

पुस्तक : **श्रीरामकथा की व्यापकता** लेखक : **श्री रघुनन्दन प्रसाद शर्मा**

प्रकाशक : **श्रद्धा प्रकाशन, 129-बी, एम.आई.जी. राजौरी गार्डन, दिल्ली**

सहयोग राशि : **250 रुपये, पृष्ठ-576** समीक्षक : **डॉ. महेश चन्द्र**

भारतीय संस्कृति के उन्नायक और संपूर्ण जीवन में समाज के लिए ही जीने वाले श्री रघुनन्दन प्रसाद शर्मा की लेखनी से अनेक उच्चस्तरीय ग्रंथ, स्मारिकाएं और पत्रिकाओं के विशेषांक निकले हैं जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं :-

प्रयोजनमूलक हिन्दी (सरकारी कामकाज में), हमारा सांस्कृतिक स्वर्ग : कैलास मानसरोवर, वैवस्वत मन्वतंतर में सृष्टि निर्माण - कहाँ, कैसे और कब?, भारतीय एकात्मता के अग्रदूत (आद्य जगद्गुरु शंकराचार्य), महापुराण सार, हिन्दू संस्कृति के

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

ग्रंथ, विश्वव्यापी भारतीय संस्कृति, स्मृतियों में भारतीय जीवन पद्धति, भारत के प्राचीन साहित्य में विज्ञान, भारत का आधुनिक इतिहास लेखन : एक प्रवंचना, हिन्दू विश्व : रजत जयंती विशेषांक, गंगाश्री धर्म संसद् विशेषांक, श्रद्धांजलि स्मारिका, प्रशासन में हिन्दी : सतत साधना के 25 वर्ष, एकात्मता दर्शन, आदि।

यशस्वी लेखक ने श्रीरामकथा की व्यापकता नाम से जो ग्रंथ लिखा है, वह रामकथा साहित्य की शृंखला में उसी प्रकार का है जिस प्रकार अनेक पुराणों में श्रीमद्भागवद् महापुराण है। लेखक ने श्रीराम कथा की व्यापकता सिद्ध करने के लिए ग्रंथ की विषयवस्तु को तीन खण्डों में प्रस्तुत किया है, यथा – 'रामायण : गाथा है भारत की सांस्कृतिक दिग्विजय यात्रा की', 'रामायन सतकोटि अपारा' और 'जिन्ह की रही भावना जैसी' । **प्रथम खण्ड** में श्रीराम कथा की व्यापकता और प्राचीनता बताते हुए विश्व के कोने कोने में यह कथा कैसे पहुँची, बताया गया है, **द्वितीय खण्ड** में विश्व की 52 प्रमुख भाषाओं की प्रमुख-प्रमुख 1000 से अधिक मौलिक और अनुवादित श्रीरामकथाओं के नाम उनके लेखकों सहित दिए गए हैं और **तीसरे खण्ड** में विभिन्न भाषाओं की लगभग 90 श्रीराम कथाओं में किस-किस रूप में श्रीराम और सीताजी को चित्रित किया गया है, बताया गया है। इसमें यूरोप की 12 यथा – अंग्रेज़ी, फ्रैंच, इटेलियन, रूसी आदि और एशिया की 16 भाषाएं यथा-चीनी, जापानी, बर्मी, मलय, ख्मेर, थाई आदि भाषाओं सहित भारत की संस्कृत, प्राकृत, पाली सहित 24 भाषाओं में लिखित रामकथाओं का सार 'वाल्मीकी रामायण' से अंतर बताते हुए किया गया है। विस्तार में जाते हुए लेखक ने पुस्तकों के लेखन के वर्ष का भी यथासंभव उल्लेख किया है।

पुस्तक में महाकाव्यों, नाटकों और विभिन्न विधाओं की रचनाओं का यहाँ तक की ग्राम्य गाथाओं के आधार पर मणिपुरी, मिज़ो, गारो आदि भाषाओं में लिखित ग्रंथों का भी सम्यक विवेचन किया है, जिससे यह पता चलता है कि लेखक ने अपनी वृद्धावस्था के अमूल्य वर्ष इस महाग्रंथ के लेखन में लगाए हैं।

डॉ. कृष्ण वल्लभ पालीवाल ने पुस्तक की भूमिका में यह सही लिखा है कि यह अविस्मरणीय प्रयास है। ऐसा लगता है कि श्री रघुनन्दन प्रसाद शर्मा ने इस महाग्रंथ को लिख कर अपने रघुनन्दन नाम को सार्थक तो किया ही है साथ-ही धन्य भी किया है।

विश्वास है कि गौरव घोष के पाठक इस पुस्तक को अवश्य मँगवा कर पढ़ेंगें और अपने ज्ञान की वृद्धि करेंगे।

पुस्तक का नाम : **आचार्य रघुवीर भारतीय धरोहर के मनीषी**

लेखिका : **डॉ. शशिबाला** प्रकाशक : **आदित्य प्रकाशन, एफ 14/65, मॉडल टाउन-2, दिल्ली-110 009**

मूल्य : **300 रुपये (सजिल्द)** समीक्षक : **डॉ. महेश चन्द्र**

अग्रेंज़ों के विरुद्ध लड़े जा रहे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत माता ने एक से बढ़ कर एक सपूतों को जन्म दिया है। भारत में वेदों के प्रति लुप्त हुई आस्था को जगाने वाले महर्षि दयानन्द जिन्होंने सुप्त भारतीय आत्मा को झकझोर कर स्व के प्रति सजग होने की प्रेरणा सारे भारतवासियों को दी उन्हीं की कोटि के पंजाब में आचार्य रघुवीर जैसे महापंडित ने भी उसी संग्राम के दौरान जन्म लिया। यह उल्लेखनीय है कि आचार्य रघुवीर के पिता भी महर्षि दयानन्द के प्रभाव में थे और उन्हीं के कारण पूरे परिवार में संस्कृत का गहरा प्रभाव था। आचार्य रघुवीर पर भी संस्कृत व्याकरण की सूक्ष्मता और वैदिक विचारों की गहनता का अमिट प्रभाव पड़ा। प्रस्तुत पुस्तक में भारतीय संस्कृति और संस्कृत की विदुषी डॉ. शशि बाला ने बड़े परिश्रम और गहन निष्ठा से आचार्य रघुवीर के व्यक्तित्व और कृतित्व का सजीव चित्रण किया है।

वैसे तो आचार्य रघुवीर का कृतित्व इतना विराट है कि उसे एक 180 पृष्ठों की पुस्तक में समेटना संभव नहीं है तो भी यह पुस्तक उनके कृतित्व की कुछ झलक देने में समर्थ हो सकी है। प्रारंभिक जीवन, यूरोप में किशोर रघुवीर, आचार्य जी का वैदिक कृतित्व, संस्कृत का उत्कर्ष, सरस्वती विहार की स्थापना, तिब्बत में भारत-भारती की गवेषणा, भारत-जापान के सांस्कृतिक संबंध, दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में, चीन में संस्कृत ग्रंथों की खोज में, आचार्य जी का भाषा-दर्शन आदि अध्यायों में आचार्य रघुवीर जैसे महापंडित के जीवन के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ लेखिका ने उनके कृतित्व का व्यापक दर्शन कराने की चेष्टा की है जिससे यह पता चलता है कि वे कई दर्जन भारतीय और विदेशी भाषाओं के पंडित थे। वे प्रखर वक्ता थे। लेखिका ने यह सही लिखा है कि : "जब आचार्य जी किसी सभा में अपने सिद्धांतों का उद्घोष करते थे तो लगता था जैसे साक्षात् बृहस्पति देवताओं की सभा में आह्वान कर रहे हों, सचेत कर रहे हों।" डी.लिट् की उपाधि लेने के दौरान उन्होंने ईरानी, रूसी, लिथुआनियन, जेन्द, बुल्गार, गोथिक आदि भाषाओं का गहन अध्ययन कर लिया था। दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों में शीर्षक के अंतर्गत लेखिका ने एक स्मरणीय व्याख्यान दिया है जो इस प्रकार है : *जब आचार्य जी इण्डोनीसिया*

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

गये तो उन्होंने राष्ट्रपति सुकर्ण को इण्डोनीसिया के दो हज़ार प्राचीन पाण्डुलिपियों की सूची देते हुए कहा मुझे ये ताडपत्र ग्रंथ चाहिएं। राष्ट्रपति सुकर्ण चकित रह गये। पूछने लगे कि "क्या हमारे देश का साहित्य इतना समृद्ध है? मुझे तो पता ही नहीं था।"

